26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 10 जुलाई , 2026

अंक- 256 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# हनुमानगढ़ी मंदिर की सीढ़ियों पर नमाज पढ़ाने का पाप सपा-कांग्रेस ने किया- सीएम योगी



**अयोध्या ( एजेंसी/चिंगारी )।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या दौरे में बीकापुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अयोध्या को 432 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इस मौके पर उन्होंने पूर्व मंत्री मुन्ना सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि लंबे समय तक अयोध्या विकास से दूर रही। सपा और कांग्रेस की सरकारों ने हनुमानगढ़ी में नमाज पढ़वाने का पाप किया। क्या कभी दिल्ली की जामा मस्जिद में कोई हनुमान चालीसा पढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि अयोध्या आज विकास और समृद्धि के वैभव की ओर बढ़ रही है। अगर मंशा साफ हो तो विकास अपने आप होता है। आज अयोध्या में दिख रहा है कि जब प्रभु श्रीराम की कृपा और हनुमान जी का आशीर्वाद हो तो अयोध्या के सारे काम अपने आप ही होते हैं।


### दो नगर पंचायतों का नाम बदलने की घोषणा की

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए खिरौनी सोहावल नगर पंचायत का नाम मां ज्वाला देवी नगर पंचायत तथा भरतकुंड-भदरसा नगर पंचायत का नाम भरत नगर भरतकुंड किए जाने की घोषणा की।**

### राममंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट में 13 को सुनवाई

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में सुप्रीम कोर्ट 13 जुलाई को सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच 3 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी। याचिकाओं में जांच सीबीआई को सौंपने और एसआईटी के गठन के मांग की गई है।









# खो नदी में उफान, क्षेत्रवासी परेशान


खो बैराज में बहता पानी

**शेरकोट ( चिंगारी )।** तीन दिन से रूक-रूककर पहाड़ी और मैदानी क्षेत्र में हो रही बारिश से खो नदी में उफान आ गया, जिससे नदी किनारे स्थित खेतों में पानी भर गया। खो नदी के साथ-साथ जंगली नालों का जलस्तर भी बढ़ जाने के कारण मंधोरा कोपा मार्ग पर पानी बहना शुरू हो गया और आवागमन में दिक्कत पैदा हो गई।

बुधवार की रात हुई तेज बारिश के बाद कल सुबह से खो नदी का जल स्तर बढ़ना शुरू हो गया था, जिसमें दोपहर बाद तेजी से हुई वृद्धि से नदी के आसपास स्थित खेत जलमग्न हो गए। जंगल में अचानक बढ़ता पानी देखकर खेतों में काम करने गए लोग भयभीत हो गए और काम छोड़कर अपने घरों को लौट पड़े। खो नदी के बढ़ते जलस्तर के बीच रात 12 बजे शेरकोट खो बैराज से अधिकतम 62 हजार क्यूसेक पानी की निकासी दर्ज की गई। वहीं खो नदी के साथ-साथ जंगल के नालों में भी बारिश से उफ़ान आ जाने के कारण ग्राम मंधोरा-कोपा मार्ग पर ग्राम धुराडा की पुलिया और ग्राम कोपा के पास सड़क पर पानी बहने से आवागमन बाधित हो गया था, जो आज सुबह जलस्तर में कमी होने पर शुरू हुआ। हलका इंचार्ज एसआई महेश शर्मा ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को नदी के पास न जाने की अपील की। खो बैराज के एसडीओ विपिन गौतम ने बताया कि जलस्तर बढ़ने पर खो बैराज के सभी गेटों को खोल दिया गया है। वर्षा रूकने पर जलस्तर भी कम हुआ है। उन्होंने बताया कि दोपहर 12 बजे खो बैराज से 20594 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्थिति पूरी तरह सामान्य है।


मंधोरा कोपा मार्ग पर बहते पानी में युवाओं को सतर्कतापूर्वक निकलने की हिदायत करती पुलिस।

## किसान के दो कटरे पानी में बहे

बृहस्पतिवार की दोपहर धुराडा निवासी टीकम सिंह गांव के पास सड़क किनारे अपने पशु चरा रहा था। इस बीच अचानक पानी बढ़ जाने से उनके दो कटरे पानी में बह गये। काफी प्रयास के बाद देर शाम दोनों कटरे काफी दूर जंगल में मिले, वहीं नदी- नालों में उफान देखकर लोग जंगल जाने से घबरा रहे हैं।

## जलस्तर घटा और कटाव का ख़तरा बढ़ा

बरसात के मौसम में प्रतिवर्ष खो नदी से क्षेत्र के ग्राम नाथाडोई, नंदगांव,कोपा, हादकपुर,तिपरजोत आदि क्षेत्र में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो जाता है। पानी उतरने पर भूमि कटाव होने से नुकसान का खतरा हो जाता है। इसके चलते पिछले साल नदी की धार कटाव करते हुए ग्राम कोपा तक पहुंच गई थी, जिसको रोकने के सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी। हालांकि इस बार सिंचाई विभाग द्वारा समय रहते ग्राम कोपा के पास तटबंध बना दिया गया है, जिससे गांव सुरक्षित हो गया है। वहीं नेशनल हाईवे किनारे स्थित तटबंध और मनोकामना मंदिर की ओर होने वाले कटाव को रोकने के लिए भी सुरक्षा के उपाय किये गए हैं। हर साल नदी द्वारा नये स्थान पर कटाव शुरू कर दिया जाता है। फिलहाल स्थिति अभी सामान्य है, परंतु क्षेत्रीय लोगों को पानी कम होने पर कटाव की चिंता सताने लगी है।

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ-पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना


डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S.,
Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER

इलेक्ट्रिक स्कूटर के बादशाह
एथर का शोरूम
आवश्यकता है- धामपुर में मैनेजर एवं मैकेनिक की ( केवल धामपुर वाले को वरीयता )
मो. 8192801901
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# बैलगाड़ी से कर रहे थे नदी पार बैल निकल भागा, मची चीख-पुकार



**बढ़ापुर ( चिंगारी )।** उफनती पहाड़ा नदी में बैलगाड़ी से नदी पार कर रहे एक दर्जन बच्चों, महिलाओं और पुरुषों को बैलगाड़ी में जुड़ा एक बैल नदी के बीच मझदार में छोड़कर भाग गया। इस घटना से बैलगाड़ी पर लदे लोगों में चीख-पुकार मच गई, बाद में कुछ लोगों ने बैलगाड़ी पर सवार लोगों को अपने कंधों और पीठ पर लादकर नदी से सुरक्षित बाहर निकाला।

घटना गांव सरदारपुर छायली को बढ़ापुर से जोड़ने वाले मार्ग पर पड़ने वाली पहाड़ा नदी की है। गुरुवार को भारी बारिश के चलते पहाड़ा नदी पूरे उफान पर थी। नदी पर पुल न होने के कारण आधा दर्जन गांवों के ग्रामीण पहाड़ा नदी को बैलगाड़ियों के सहारे ही पार करते हैं। नदी पार करते समय अक्सर हर साल यहां पर बैलगाड़ी व ट्रैक्टर डूबने व नदी के तेज बहाव में बह जाने की घटनाएं छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। गुरुवार को गांव सरदारपुर छायली, बहेड़ी एवं चकउदय चंद के एक दर्जन ग्रामीण बैलगाड़ी पर सवार होकर जिनमें बच्चे, महिलाएं और पुरुष सवार थे, पहाड़ा नदी पार कर रहे थे। तब नदी पार करते समय बैलगाड़ी में जुड़े दो बैलों में से एक बैल अचानक बैलगाड़ी से निकलकर उसमें सवार लोगों को बीच मझदार में छोड़कर भाग गया। बैल द्वारा यूं अचानक बैलगाड़ी में सवार लोगों को नदी की धार में छोड़कर भाग जाने से लोगों में चीख-पुकार मच गई। कुछ देर बाद नदी किनारे खड़े तैराक लोगों ने नदी में कूदकर बैलगाड़ी पर सवार लोगों को अपने कंधों और पीठ पर लादकर नदी से बाहर निकाला।

गौरतलब है कि बीते वर्ष भी पहाड़ा नदी में बैलगाड़ी पर सवार लोग बैलगाड़ी के नदी में पलट जाने के कारण नदी में डूबने से बाल-बाल बचे थे। उल्लेखनीय यह भी है कि पिछले वर्ष मानसून काल में ग्रामीणों ने नदी पर पुल बनाए जाने की मांग को लेकर नदी किनारे एक सप्ताह तक धरने पर बैठे रहे थे। बाद में तहसील प्रशासन नगीना द्वारा पुल बनाए जाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया गया था जिसके बाद धरना समाप्त हुआ था। ग्रामीणों का आरोप है कि धरना समाप्त होने के बाद से आज तक नदी पर पुल बनाए जाने की प्रक्रिया मौके पर प्रारम्भ ही नहीं हुई है।

# धामपुर पर फिर मंडराया ‘बाढ़’ का ख़तरा

**धामपुर ( चिंगारी )।** लगातार हो रही बारिश के बाद धामपुर क्षेत्र में जलभराव की स्थिति गंभीर होती जा रही है। मात्र 24 घंटे की बारिश में ही कई निचले इलाकों में दो-दो फीट तक पानी भर गया है। सिमराह स्कूल परिसर और राजपुताना मंडप के आसपास जलभराव होने से लोगों की चिंता बढ़ गई है। यदि अगले कुछ दिनों तक इसी तरह बारिश जारी रही तो पिछले वर्ष जैसे बाढ़ के हालात दोबारा बनने की आशंका जताई जा रही है।

सबसे अधिक परेशानी राजपुताना मार्ग के आसपास स्थित किसानों को हो रही है। बरसाती पानी खेतों में भर जाने से उनकी लाखों रुपये की फसल डूबने लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की निकासी का रास्ता अवरुद्ध होने के कारण बरसाती पानी खो नदी की ओर जाने के बजाय वापस धामपुर की तरफ लौट रहा है, जिससे जलभराव लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रशासन ने करीब एक सप्ताह पहले मौके पर कुछ कार्रवाई तो की थी, लेकिन पानी की निकासी का स्थायी समाधान नहीं हो सका। परिणामस्वरूप बारिश बढ़ते ही हालात फिर बिगड़ने लगे हैं और कई स्थानों पर रास्ते भी प्रभावित हो गए हैं। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में धामपुर और आसपास के क्षेत्रों में जलभराव की समस्या और गंभीर रूप ले सकती है। **( जुल्फिकार मंसूरी )**

# शाम के समय मिला तालाब में डूबे संविदाकर्मी का शव

**मंडावर ( चिंगारी )।** बृहस्पतिवार को थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में सड़क पर भरे पानी के बीच से सुबह के समय दुकान पर सामान लेने जा रहे तहसील संविदाकर्मी अशोक कुमार पुत्र शेर सिंह उम्र ( 50 वर्ष ) सड़क किनारे तालाब में गिर गया था (  परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से उसकी तालाब में तलाश की, फिर मुरादाबाद से आयी पीएसी और पुलिस ने तलाश की, जिसके बाद शाम के समय तालाब में उसके शव को निकाला गया। शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। मंडावर थाना प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि बड़ी मशक्कत के बाद अशोक का शव तालाब में मिला। शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया गया था।

# हाईवे पर बने गड्ढे में ट्रक धंसा, यातायात प्रभावित हुआ

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर-नूरपुर मार्ग पर धौलागढ़ गांव के पास हाईवे की बदहाल सड़क एक बार बार फिर हादसे की वजह बन गई। आज सड़क पर बने गहरे गड्ढे में एक ट्रक धंस गया, जिससे काफी देर तक यातायात प्रभावित रहा। गनीमत रही कि इस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। धामपुर से नूरपुर तक सड़क की हालत बेहद खराब है। जगह-जगह बने गहरे गड्ढों के कारण रोजाना बाइक सवार फिसलकर घायल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात से पहले पीडब्ल्यूडी विभाग से सड़क की मरम्मत कराने की कई बार शिकायत की गई थी, लेकिन विभाग ने कोई ध्यान नहीं दिया। अब लगातार हो रही बारिश के कारण गड्ढे पानी से भर गए हैं, जिससे उनकी गहराई दिखाई नहीं देती और दुर्घटनाओं का खतरा कई गुना बढ़ गया है। स्थानीय लोगों ने पीडब्ल्यूडी विभाग से धामपुर-नूरपुर मार्ग की तत्काल मरम्मत कराए जाने की मांग की है।



**भली लगे या बुरी ...**

## रोकना होगा जल दोहन

भारतवर्ष में उद्योग और खेती पानी का सर्वाधिक उपयोग करने वाले क्षेत्रों में शामिल हैं। खेती में सिंचाई के लिए भूमिगत जल के अत्यधिक दोहन के कारण देश के अनेक जिले 'रेड जोन' घोषित किए गए हैं। लेकिन इसके बावजूद भूमिगत जल का दोहन लगातार सारी सीमायें तोड़ कर बढ़ता जा रहा है। हरित क्रान्ति के बाद बौनी फसलों से कृषि उत्पादन में तो भारी बढ़ोत्तरी हुई, लेकिन इनको भारी सिंचाई की आवश्यकता को देखते हुए भूमिगत व भूजल का दोहन भी बढ़ा। भारत में किसानों पर कोई नियंत्रण न होने के कारण पंजाब व हरियाणा के सूखे क्षेत्रों में भी मुनाफे के लालच में धान जैसी फसलें उगाई जाती हैं तथा महाराष्ट्र के सूखे क्षेत्रों में गन्ना उगाया जाता है, जबकि ये फसलें भारी मात्रा में पानी का उपयोग करती हैं। विडंबना है कि सरकार के बार-बार जोर देने के बावजूद भारतीय कृषि वैज्ञानिक ऐसी फसलों के विकास पर समुचित जोर नहीं दे रहे हैं, जो सिंचाई और रासायनिक खादों का न्यूनतम उपयोग कर अच्छी फसल दे सकें। हालांकि, देश के अनेक भागों में किसानों ने अपने प्रयासों से 'प्राकृतिक खेती' व 'आर्गेनिक खेती' को बढ़ावा दिया है जो जल, रासायनिक खादों व कीटनाशकों का न्यूनतम उपयोग कर पर्यावरण प्रदूषण रोकती हैं तथा मानव स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम हैं। लेकिन ऐसे प्रयोग पूरे देश में अधिक मुनाफे के लालच में की जाने वाली वाणिज्यिक खेती के सामने पीछे रह जाते हैं तथा थोड़े ही समय में इनके समाप्त होने की आशंका भी पैदा हो जाती है। भारत में बढ़ते शहरीकरण तथा मानसून की अनिश्चितता या उसके कमजोर होने के कारण पैदा संकट को देखते हुए 'विकास' और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाना हमारे अपने अस्तित्व के लिए आवश्यक हो गया है।

## एसएसपी पर भड़के चंद्रशेखर पुलिस ने टोल प्लाजा पर रोका

मेरठ (चिंगारी)। ललिता गौतम हत्याकांड और मेरठ के एसएसपी अविनाश पांडे द्वारा प्रदर्शनकारियों के साथ किये गये व्यवहार को लेकर मामला तूल पकड़ रहा है। आम आदमी पार्टी के संस्थापक एवं नगीना सांसद चन्द्रशेखर ने घटना पर तीव्र आक्रोश व्यक्त करते हुए एसएसपी के व्यवहार की कड़ी निंदा की। वह पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे कि सिवाय टोल प्लाजा पर उन्हें पुलिस ने रोक दिया। इस पर चंद्रशेखर पुलिस प्रशासन पर भड़क उठे। मौके पर मौजूद पुलिस इंस्पेक्टर उनके सामने हाथ जोड़ते हुए नजर आया।

# लोकसभा में पश्चिम यूपी के सांसदों का दमदार प्रदर्शन

## राजकुमार सांगवान और रुचि वीरा की शत-प्रतिशत उपस्थिति

### चंद्रशेखर ने सबसे अधिक बहसों में भाग लिया



18वीं लोकसभा के अब तक हुए आठ सत्रों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई सांसदों ने अपने सक्रिय प्रदर्शन से मतदाताओं पर गहरी छाप छोड़ी है। खास बात यह है कि पहली बार निर्वाचित हुए कई सांसदों ने उपस्थिति, सवाल पूछने और बहसों में भागीदारी के मामले में शानदार प्रदर्शन किया है। 18वीं लोकसभा का गठन अप्रैल-जून 2024 में सात चरणों में हुए आम चुनावों के बाद हुआ था। 4 जून 2024 को चुनाव परिणाम घोषित किए गए थे। लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से 3 जुलाई 2024 तक आयोजित हुआ। अब तक लोकसभा के आठ सत्र संपन्न हो चुके हैं।





आठवां सत्र अप्रैल 2026 में महिला आरक्षण विषय पर आयोजित किया गया था, जबकि नौवां सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 13 अगस्त तक चलेगा। लोकसभा के आठ सत्रों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 16 सांसदों में से दो सांसदों की उपस्थिति शत-प्रतिशत रही। इनमें राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के बागपत सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान और समाजवादी पार्टी (सपा) की मुरादाबाद सांसद रुचि वीरा शामिल हैं। दोनों ही पहली बार लोकसभा पहुंचे हैं। 99 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराने वाले सांसदों में बिजनौर से रालोद सांसद चंदन चौहान, मुजफ्फरनगर से सपा सांसद हरेंद्र मलिक, बुलंदशहर से भाजपा सांसद डॉ. भोला सिंह, अलीगढ़ से भाजपा सांसद सतीश गौतम और बरेली से भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार शामिल हैं।

सवाल पूछने के मामले में बुलंदशहर के भाजपा सांसद डॉ. भोला सिंह सबसे आगे रहे। उन्होंने 197 प्रश्न पूछे। मेरठ से पहली बार निर्वाचित भाजपा सांसद एवं टीवी धारावाहिक 'रामायण' में भगवान श्रीराम की भूमिका निभाने वाले अरुण कुमार गोविल ने 152 प्रश्न पूछकर सक्रिय सांसद के रूप में अपनी पहचान बनाई। अमरोहा से भाजपा सांसद कंवर सिंह तंवर ने 150, कैराना से सपा सांसद इकरा हसन ने 123, सहारनपुर से कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने 109 तथा संभल से सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने 101 प्रश्न पूछे। जबकि सबसे अधिक बहसों में भाग लेने का श्रेय नगीना से निर्वाचित सांसद चंद्रशेखर आजाद को जाता है। इनके अलावा इकरा हसन ने 37, चंदन चौहान ने 35 और हरेंद्र मलिक ने 31 बहसों में भागीदारी की।

# समाजवादी पार्टी ने चुनावी रणनीति को दी नई धार

## मुनिदेव शर्मा व सतपाल सिंह को सौंपी मुरादाबाद मंडल की जम्मेदारी

बिजनौर (चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर उत्तर प्रदेश विधान परिषद की 11 शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन सीटों पर होने वाले चुनावों की समीक्षा बैठक में बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण संगठनात्मक निर्णय लिए गए हैं।

पार्टी नेतृत्व ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ समाजवादी नेता, अनुभवी संगठनकर्ता एवं कुशल चुनावी रणनीतिकार मुनिदेव शर्मा को बरेली-मुरादाबाद शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र (मुरादाबाद मंडल) का प्रभारी नियुक्त किया है। संगठन निर्माण, चुनाव संचालन एवं व्यापक जनसंपर्क के क्षेत्र में उनका लंबा अनुभव पार्टी के लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।

इसी क्रम में वरिष्ठ समाजवादी नेता सत्यपाल सिंह को भी मुरादाबाद मंडल का प्रभारी बनाया गया है। दलित समाज सहित विभिन्न वर्गों में उनकी मजबूत स्वीकार्यता और संगठनात्मक क्षमता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। पार्टी नेतृत्व ने दोनों वरिष्ठ नेताओं को समाजवादी पार्टी के शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी मोहम्मद दानिश अख्तर की विजय सुनिश्चित करने के लिए व्यापक चुनावी रणनीति तैयार करने एवं उसे प्रभावी ढंग से लागू करने का दायित्व सौंपा है। इनके अलावा मुरादाबाद मंडल के प्रभारी विधायक तसलीम अहमद (नजीबाबाद) तथा विधायक इरफान फहीम (बिलारी), शेख जाकिर हुसैन पूर्व जिला अध्यक्ष बिजनौर, संयुक्त प्रभारी मोहम्मद साइम् राजा प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा, समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य मुनव्वर अली नजीबाबाद, विधायक पंकज मलिक, विधायक अतुल प्रधान सांसदों, विधायकों, पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्यों, ब्लॉक प्रमुख, पूर्व ब्लाक प्रमुख सहित स्थानीय जिला संगठन, कॉलेजों के प्रबंधकों व शिक्षकों के साथ समन्वय स्थापित कर चुनाव अभियान को गति देंगे।


मुनिदेव शर्मा


सतपाल सिंह

# किरतपुर में साप्ताहिक समाचार-पत्र का विमोचन

किरतपुर (चिंगारी)। किरतपुर से प्रकाशित हिंदी समाचार-पत्र 'किरतपुर न्यूज़ मुंबई' साप्ताहिक का विमोचन समारोह मंडावर रोड स्थित आवामी इमदादी सोसायटी के ब्रांच कार्यालय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह रहे जबकि अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता साइम राजा ने की तथा संचालन डॉ. एम जुनैद ने किया।

इस अवसर पर बोलते हुए चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि समाचार-पत्र समाज का आईना होता है। पीड़ितों को इंसाफ दिलाने में अखबार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पीड़ित जब इंसाफ के लिए हर तरह से थक हार कर बैठ जाता है तो उसे अखबार से उम्मीद होती है कि अब मुझे इंसाफ मिल जाएगा। कार्यक्रम को वरिष्ठ सपा नेता मोबिन अंसारी, किसान नेता आदिल जैदी, पत्रकार दिलशाद अल्वी, मोहम्मद याकूब मलिक, मोहम्मद मेहरबान, रोहिल खान, हसन अली चौधरी एडवोकेट, कारी मोहम्मद मुख्तार, मोहम्मद कुरैश, गजनफर मकरानी, सभासद आलिम सिद्दीकी, पूर्व प्रधानाचार्य मोहम्मद मजहर नामी, मोहम्मद फराज, डॉ. रिजवानुर्रव आदि ने भी संबोधित किया। अंत में कार्यक्रम संयोजक/संपादक मोहम्मद फराज ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



# एनएच-34 पर जलभराव ख़त्म होने के बाद बहाल हुआ यातायात

## मेरठ-मुजफ्फरनगर से कट गया था बिजनौर का सीधा संपर्क

### देवल गांव के पास जलभराव से बंद हुआ था हाईवे, पानी निकासी के बाद ट्रैफिक शुरू, क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत जारी

बिजनौर ( चिंगारी )। लगातार हो रही बारिश के कारण एनएच-34 पर ग्राम देवल के पास जलभराव होने से गुरुवार की देर शाम बंद किया गया बिजनौर-मेरठ मार्ग शुक्रवार को खोल दिया गया। जलभराव समाप्त होने के बाद इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन सुचारु रूप से शुरू करा दिया गया है। इससे बिजनौर का मेरठ और मुजफ्फरनगर से सीधा सड़क संपर्क पुनः बहाल हो गया। गौरतलब है कि ग्राम देवल के पास निर्माणाधीन फ्लाईओवर के नीचे जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण सड़क पर भारी जलभराव हो गया था। पानी भरने से सड़क का एक हिस्सा







क्षतिग्रस्त हो गया था कई भारी वाहन उसमें धंस गए थे। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन बिजनौर-मेरठ मार्ग पर यातायात बंद कर दिया था, जिससे हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं।

यातायात प्रभावित होने पर पुलिस ने मेरठ और दिल्ली की ओर जाने वाले वाहनों को चांदपुर-धनौरा-गजरौला मार्ग से डायवर्ट किया था। इस दौरान बिजनौर का मेरठ और मुजफ्फरनगर से सीधा सड़क संपर्क पूरी तरह प्रभावित रहा।


एनएचएआई के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पानी निकासी के लिए युद्धस्तर पर कार्य शुरू कराया। एनएचएआई के एसडीओ आशीष शर्मा ने बताया कि हाईवे के लिए अधिग्रहित भूमि में स्थित एक भवन अभी तक नहीं हटाया गया था, जिससे पानी की निकासी बाधित हो रही थी। भवन हटाकर तथा दो अन्य स्थानों पर निकासी की व्यवस्था कर जलभराव समाप्त कराया गया। इसके बाद हाईवे पर यातायात बहाल कर दिया गया है।

उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। जलभराव समाप्त होने के बाद पुलिस ने रूट डायवर्जन भी समाप्त कर दिया और अब एनएच-34 पर यातायात सामान्य रूप से संचालित हो रहा है।

## चोरी की बाइक व बिजली के तार के साथ दो युवक गिरफ्तार

मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। मंडावली थाने के एसआई राहुल कुमार, कांस्टेबल ब्रिजेश कुमार, अजय कुमार, विदित कुमार ने पुलिस टीम के द्वारा चैकिंग अभियान के दौरान बिना नम्बर प्लेट की एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों को हिरासत में लिया। दोनों युवकों ने पुलिस पूछताछ में अपने नाम विकुल पुत्र अशोक कुमार एवं अंकुश पुत्र धनीराम बताया। पूछताछ के दौरान युवकों ने बताया कि बरामद मोटरसाइकिल उन्होंने ग्राम मोहनपुर स्थित धर्मशाला से चोरी की थी। इसके अतिरिक्त युवकों ने बताया कि लगभग दो माह पूर्व उन्होंने ग्राम मीरमपुर बेगा गांव के ट्यूबवैलों से सबमर्सिबल के बिजली के तार चोरी किए थे। युवकों ने बताया कि चोरी किए गए तारों का कुछ हिस्सा राह चलते फेरी वालों को बेचकर प्राप्त धनराशि खर्च कर दी थी तथा शेष एक बंडल तार को एक फेरी वाले को 250 में बेच दिया था, जिसकी धनराशि दोनों ने आपस में बराबर बांट ली थी। युवकों ने यह भी बताया कि बरामद चोरी की मोटरसाइकिल तथा शेष चोरी किए गए बिजली के तार को बेचने की फिराक में ही वह दोनों जा रहे थे, तभी पुलिस द्वारा पकड़ लिए गए। पुलिस ने दोनों अभियुक्त का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया है।





# करंट की चपेट में आकर बताशे बनाने वाले कारीगर की मौत

नहटौर ( चिंगारी )। बताशा बनाने वाले के यहां काम कर रहा कारीगर की पंखे का तार लगाते समय अचानक करंट की चपेट में आने से झुलस गया, जिसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने दुकान स्वामी पर हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ग्राम फरीदनगर निवासी मनोज सैनी 37 वर्ष पुत्र ओमप्रकाश सैनी मोहल्ला जोशियान स्थित निसार अहमद की दुकान में बताशा, बूरा, मिठाई बनाने का कार्य करता है। बताया जाता है कि आज शुक्रवार प्रातः भट्टी में आग जलाने के लिए पंखे का तार लगा रहा था।


मृतक का फाइल फोटो

बताया जाता है कि अचानक करंट से मनोज सैनी झुलस कर घायल हो गया। जिसे तत्काल उपचार के लिए उसके साथ काम कर रहे अन्य साथी तुरंत अस्पताल ले गये। जहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे मनोज सैनी के परिजनों ने हंगामा किया और हत्या करने का आरोप लगाया। बाद में कुछ लोगों की मध्यस्थता के बाद दुकान स्वामी द्वारा पीड़ित परिजनों को आर्थिक मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया, जिस पर परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सिंह ने बताया कि अभी तक तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# नहटौर के जीशान ने की थी हरिद्वार में महिला की हत्या

## दुष्कर्म के बाद गला घोट कर मारा था

हरिद्वार ( चिंगारी )। एसएसपी नवनीत सिंह ने बताया कि शहर कोतवाली क्षेत्र में 28 जून को रोडीबेलवाला चौकी के पीछे आस्था पथ के समीप झाड़ियों में करीब 30 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिला था। शव पर चोटों के कई निशान थे और कपड़े भी अस्त-व्यस्त मिले थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटने और मुंह दबाने से दम घुटने के कारण मौत की पुष्टि हुई थी। इसके बाद नगर कोतवाली पुलिस हत्या का मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी थी। बुधवार देर रात दूधियाबंद तिराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवकों को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस के अनुसार दोनों ने रुकने के बजाय पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी। जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल आरोपी की पहचान जीशान पुत्र राशिद निवासी नहटौर, जिला बिजनौर के रूप में हुई। उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा और दो खोखा कारतूस बरामद किए गए। पूछताछ में जीशान ने महिला से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस जीशान के फरार साथी की तलाश में जुट गई है।

# शेख शाहनवाज़ खलील ने किया इलेक्ट्रिक स्कूटर शोरूम का उद्घाटन

नगीना ( चिंगारी )। रायपुर रोड स्थित पधान धर्म कांटे के पास, निकट अकबराबाद चौक पर ए-वन इलेक्ट्रिक स्कूटर शोरूम का शुभारंभ चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज़ खलील एवं उत्तर प्रदेश शाह अल्वी एसोसिएशन के नगीना सदर हाजी अय्यूब अल्वी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों ने शोरूम का अवलोकन किया और उपलब्ध विभिन्न इलेक्ट्रिक स्कूटर मॉडलों की जानकारी ली। इस अवसर पर शेख शाहनवाज़ खलील ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों का बढ़ता उपयोग भविष्य की आवश्यकता है। इससे न केवल पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम होगी, बल्कि प्रदूषण में भी कमी आएगी और लोगों को कम खर्च में बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि नगीना जैसे शहरों में इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग को देखते हुए इस तरह के आधुनिक शोरूम का खुलना क्षेत्र के लोगों के लिए लाभदायक साबित होगा। कार्यक्रम में आसिफ इस्लाम अल्वी, डॉ. शाहबाज अल्वी, हाजी शरीफ अल्वी, डॉ असलम अल्वी, शेख शहराज़ खलील, मोहम्मद एजाज़ अल्वी, मोहम्मद ज़ाहिद अल्वी, मोहम्मद शाकिर अल्वी, मोहम्मद शाहनवाज ,सैयद आसिफ अली, मोहम्मद ओवैस, इकराम अहमद, हुजैफा आदि मौजूद रहे। ए वन इलेक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के मालिक एजाज़ अल्वी व शाकिर अल्वी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।


समाजसेवी शेख शाहनवाज़ खलील ने ए वन इलेक्ट्रिक स्कूटर शोरूम का फीता काटकर किया उद्घाटन।

# लाल बिहारी यादव का स्वागत किया

नूरपुर ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष लाल बिहारी यादव बिजनौर कार्यक्रम से शिरकत कर मुरादाबाद वापस लौटते समय नगर में प्रधानाचार्य डॉ. इंद्रपाल सिंह यादव के आवास पर रूके जहां उन्होंने प्रधानाचार्यो के साथ आगामी विधान परिषद चुनाव पर आवश्यक चर्चा की। उन्होंने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि सत्ता पक्ष सरकार आने वाले समय में चतुर्थ श्रेणी, लिपिक के पदों पर आउटसोर्सिंग से कार्य करा रही है। शिक्षकों के पद भी आने वाले समय में समाप्त कर आउटसोर्सिंग के माध्यम से ही रखें जाएंगे। स्कूलों में विद्युत बिल में बिजली मंत्री से छूट देने के लिए सदन में मुद्दा उठाया है, क्योंकि शिक्षा कौशल विकास के लिए होती है। उन्होंने आगामी एमएलसी चुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को कामयाब बनाने के लिए सहयोग की अपील की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य देवराज सिंह, विकुल यादव, अशोक राजपूत, सुनीत प्रकाश त्यागी, कोमल सिंह यादव, लाल बहादुर सिंह, जीत सिंह और नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम आदि मौजूद रहे।



# जेसीबी से कराई, नाले की सफाई

धामपुर ( चिंगारी )। तहसील के ग्राम अल्हैपुर के प्रधान/ प्रशासक प्रदीप कुमार उर्फ राजा के निर्देश पर शकुंतला शिशु लोक, धामपुर के सामने स्थित नाले की सफाई कराई गई। जेसीबी मशीन लगाकर लगभग 250 मीटर लंबे लिंक मार्ग के नाले की सफाई की गई। यह मार्ग मुन्नी देवी मंदिर से होते हुए भज्जा वाला गांव को जाता है। सफाई के दौरान नाले के अंदर से निकले मलबा, कचरा एवं झाड़-झंखाड़ को टीम द्वारा ट्रैक्टर-ट्राली में लोड करवा कर निर्धारित स्थान पर डलवाया गया। इस अवसर पर धामपुर शुगर मिल के कारखाना प्रबंधक विजय कुमार गुप्ता मौके पर पहुंचे। उन्होंने इस कार्य के लिए प्रदीप कुमार एवं उनकी टीम की प्रशंसा की। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष भी शकुंतला शिशु लोक के सामने से गुजरने वाले मार्ग पर स्थित नाले की सफाई ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार के द्वारा करवाई गई थी।

# दिनदहाड़े वर्कशॉप से स्कूटी चोरी

धामपुर ( चिंगारी )। नगर में चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब कन्या इंटर कॉलेज के सामने स्थित एक वर्कशॉप के भीतर से दिनदहाड़े स्कूटी चोरी होने का मामला सामने आया है। घटना सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षत्रिय नगर निवासी नितिन कुमार पुत्र सुनील कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी जुपिटर स्कूटी कन्या इंटर कॉलेज के सामने स्थित कुमार ट्यूबवेल इंजीनियरिंग वर्क्स के अंदर खड़ी की थी। करीब 11.50 बजे जब वह स्कूटी लेने पहुंचे तो वाहन वहां से गायब मिला। उन्होंने आसपास काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद वर्कशॉप और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में एक अज्ञात युवक स्कूटी लेकर जाता दिखाई दे रहा है। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना देकर स्कूटी बरामद करने और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# मेगा जॉब फेयर में 937 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र



धामपुर ( चिंगारी )। दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूटशंस में आयोजित मेगा जॉब फेयर में 937 अभ्यर्थियों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र दिये गये। रोजगार मेले में बिजनौर समेत प्रदेश के विभिन्न जिलो से 2630 से अधिक युवक-युवतियों ने प्रतिभाग किया। इनमें करीब 937 अभ्यर्थियों को विभिन्न कम्पनियों में शार्टलिस्ट किया। जिला सेवायोजन माडल करियर सेन्टर बिजनौर और दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूटशंस, धामपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेले में एलएंडटी, एक्सिस बैंक, केएफसी, पिज्जा हट, लावा, डिक्सोन, पॉलीमेडिक्योर, पुखराज हेल्थ केयर, गो फर्स्ट आर्गेनिक, मेटलमेन, फईम इन्डस्ट्रीज, एसियन आटोमेटिव, मोहित पेपर मिल्स समेत 35 से अधिक कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीगणेश और मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। चेयरपर्सन डॉ. नीलम अग्रवाल ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को उद्योगों से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है। संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल ने कहा कि दिशा ग्रुप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ रोजगारपरक अवसर उपलब्ध कराने के लिये लगातार प्रयासरत है और भविष्य में भी ऐसे रोजगार मेलों का आयोजन जारी रहेगा। मुख्य अतिथि दीपक अग्रवाल मण्डल अध्यक्ष भाजपा धामपुर एवं जिला सेवायोजन प्रभारी पंकज चौधरी ने संयुक्त रूप से मिलकर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये।

# आलोपुर प्रकरण को जातीय रंग देने की साज़िश : सत्यपाल चौधरी


## आसपा नेताओं ने किसान यूनियन ( अराजनीतिक ) के पदाधिकारियों पर लगाए गंभीर आरोप

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सिंचाई विभाग के डाकबंगले में गुरुवार को आयोजित प्रेसवार्ता में आजाद समाज पार्टी (आसपा) के नेता सत्यपाल चौधरी ने कहा कि आलोपुर की घटना मूल रूप से दो व्यक्तियों के बीच का आपसी विवाद थी, लेकिन सरकारी संरक्षण प्राप्त किसान यूनियन (अराजनीतिक) के कुछ पदाधिकारियों ने अपने निजी एवं राजनीतिक स्वार्थ के लिए इसे दो जातियों के बीच संघर्ष का रूप देने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि इस मामले से सांसद एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद, दलित समाज या जाट समाज का कोई संबंध नहीं है।



सत्यपाल चौधरी ने आरोप लगाया कि किसान यूनियन (अराजनीतिक) के एक नेता ने सांसद चंद्रशेखर आजाद और पूरे दलित समाज के खिलाफ जातिसूचक एवं अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा सार्वजनिक रूप से हिंसा और लाठी से पीटने की धमकी दी। उन्होंने कहा कि पार्टी इसकी कड़ी निंदा करती है। इस संबंध में पुलिस प्रशासन को शिकायत दी गई है और समाज में वैमनस्य फैलाने वालों के खिलाफ तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने हमेशा किसान और जाट समाज के संघर्षों में सक्रिय भूमिका निभाई है। ऐतिहासिक किसान आंदोलन के दौरान उन्होंने सिंधु, टिकरी, गाजीपुर तथा शाहजहांपुर बॉर्डर पहुंचकर किसानों का समर्थन किया। महिला पहलवानों के आंदोलन में भी वे जंतर-मंतर पर उनके साथ डटे रहे। इसके अलावा राजनीतिक स्तर पर हरियाणा में चौटाला परिवार, उत्तर प्रदेश में जयंत चौधरी तथा राजस्थान में हनुमान बेनीवाल का समर्थन किया। इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा उनके खिलाफ व्यक्तिगत टिप्पणियां और अभद्र भाषा का प्रयोग करना निंदनीय है। सत्यपाल चौधरी ने बताया कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए वे पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ आठ जुलाई को नजीबाबाद जाकर दोनों पक्षों से बातचीत कर शांति स्थापित करने का प्रयास करने वाले थे, लेकिन बिजनौर पुलिस ने उन्हें स्वाहेड़ी गांव में ही रोक दिया।

प्रेसवार्ता में सत्यपाल चौधरी और आसपा जिलाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार ने अमर सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक, जिलाधिकारी तथा अपने बेटों के नाम लिखे गए कथित सुसाइड नोट की प्रति भी मीडिया को दिखाई। उन्होंने कहा कि यदि आत्महत्या से पहले पीड़ित द्वारा जिम्मेदार ठहराए गए लोगों के खिलाफ कार्रवाई होती है, तो इसे किसी समाज का उत्पीड़न नहीं कहा जा सकता। इस अवसर पर प्रदेश सचिव साहिल मेहरा, जिलाध्यक्ष सतेन्द्र कुमार, मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र राणा, सुधीर कुमार, अमित चौधरी सहित पार्टी के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# पुलिस ने किया ऑप्रेशन लंगड़ा, गौवंश का वध करने वाले दो आरोपियों को पकड़ा

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव फरीदपुर निजाम उर्फ निजामपुर के जंगल में गौवंशीय पशु के अवशेष मिलने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। चैकिंग के दौरान हुई मुठभेड़ में दो बदमाशों के पैर में गोली लगने से दोनों घायल हो गये। मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी भी घायल हुआ है।

कोतवाली देहात पुलिस के अनुसार घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे थे। गुरूवार को पुलिस को सूचना मिली कि एक संदिग्ध सिल्वर रंग की सैन्ट्रो कार बिजनौर से कोतवाली देहात की तरफ जा रही है। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली देहात पुलिस बल के साथ बरूकी नहर पहुंचे और वाहनों की चैकिंग की। इसी दौरान कार को रोकने का प्रयास किया गया, किन्तु अभियुक्त भागने लगे तथा कुम्हैड़ा नहर पटरी पर पुलिस द्वारा की गयी घेराबंदी के दौरान अभियुक्तगणों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में अब्दुल सलाम उर्फ काले पुत्र सगीर निवासी ग्राम उमरी, थाना कोतवाली देहात एवं मुरसलीन पुत्र मुन्ना निवासी ग्राम काजीवाला, थाना कोतवाली शहर के पैर में गोली लगने से



घायल हो गए, जिन्हें गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त सैन्ट्रो कार, एक गौवंशीय बछड़ा, 2 तमंचे 315 बोर, पशु वध में प्रयुक्त उपकरण बरामद हुए हैं। पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा गौवंशीय पशुओं का वध कर मांस बेचने की बात स्वीकार की गई तथा मंगलवार की रात्रि में ग्राम फरीदपुर निजाम में गौवध की घटना को अंजाम देना भी स्वीकार किया।

# संगठन ने बढ़ाया मान, ब्लॉक अध्यक्ष बने अजय बालियान

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** ग्राम शहजादपुर निवासी अजय बालियान गुड्डू को भाकियू (टिकैत) में ब्लॉक अध्यक्ष नजीबाबाद मनोनीत किया गया है। अजय बालियान गुड्डू भाकियू (टिकैत) के पुराने और समर्पित कार्यकर्ता हैं। पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अवनीश कुमार के इस्तीफा देने पर ब्लॉक के ज्यादातर कार्यकर्ता उन्हें ब्लॉक अध्यक्ष बनाये जाने की मांग कर रहे थे। कार्यकर्ताओं की मांग पर जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने उन्हें बुधवार की रात्रि में ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत कर दिया है। अजय बालियान ने कहा कि संगठन को और मजबूत बनाना उनका प्राथमिक लक्ष्य है।



# शादी के 6 साल बाद प्रेमी युगल फ़रार

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** शादी के लगभग 6 वर्ष बाद अपने-अपने जीवनसाथी और बच्चों को छोड़कर पूर्व प्रेमी युगल एक बार फिर फरार हो गए हैं। प्रेमी की पत्नी ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई गई है। जानकारी के अनुसार थाना रेहड़ क्षेत्र के एक ही गांव निवासी युवक-युवती का काफी समय से प्रेम प्रसंग था। परिजनों की सहमति न हो पाने के कारण इन दोनों का निकाह नहीं हो पाया था, जिसके बाद युवती के परिजनों ने लगभग 6 वर्ष पूर्व उसकी शादी कांठ क्षेत्र के एक गांव में कर दी थी, जबकि युवक का विवाह भी उसके परिजनों द्वारा दूसरी लड़की से कर दिया गया था। शादी के बाद वर्तमान में युवती के तीन बच्चे हैं, जबकि युवक भी दो बच्चों का पिता है। शादी के बाद भी दोनों का प्रेमालाप जारी रहा। प्रेमी युवक की पत्नी द्वारा पुलिस को तहरीर दिए जाने की बात प्रकाश में आई है। रेहड़ पुलिस का कहना है कि मामला संज्ञान में आया है, अगर तहरीर आई तो आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# लगातार बढ़ रहा गंगा का जलस्तर

## सिंचाई विभाग अलर्ट पर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मैदानी और पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के चलते गंगा का जलस्तर काफी बढ़ गया है। बैराज पर जलस्तर में तेजी से वृद्धि दर्ज की गई है। गुरुवार को बैराज से डाउनस्ट्रीम डिस्चार्ज 79,922 क्यूसेक दर्ज किया गया, जबकि जलस्तर 218.80 मीटर रहा। सिंचाई विभाग के अनुसार पहले जहां बैराज पर जलप्रवाह करीब 37,575 क्यूसेक था, वहीं यह बढ़कर 79, 922 क्यूसेक से अधिक तक पहुंच गया। जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी के चलते विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है और बैराज पर 24 घंटे कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

विभागीय अधिकारियों के मुताबिक हरिद्वार स्थित भीमगोडा बैराज से 79,922 क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ा गया है, जिससे बैराज पर दबाव और बढ़ सकता है। मध्य गंगा सिंचाई खण्ड 5 के अधिशासी अभियंता कृष्ण पाल ने बताया कि फिलहाल स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए विभागीय स्टाफ को हाई अलर्ट पर रखा गया है और बैराज की लगातार निगरानी की जा रही है।



### पानी में डूबा अंडरपास

बारिश के कारण बिजनौर के समीपवर्ती झलरा गांव के पास स्थित रेलवे अंडरपास पानी से लबालब भर गया। करीब 10 फीट तक पानी भर जाने से दर्जनों गांवों के लोगों का आवागमन प्रभावित है। ग्रामीणों का कहना है कि रेलवे लाइन के दूसरी ओर खेत होने के कारण उन्हें इसी अंडरपास से होकर आना-जाना पड़ता है। अंडरपास में पानी भरने से पशुओं के लिए चारा नहीं ला पा रहे हैं। खेती-किसानी का काम भी प्रभावित हो रहा है।

### हर बरसात में होता है यही हाल

झलरा गांव में करीब तीन वर्ष पहले रेलवे अंडरपास का निर्माण कराया गया था। इसका उद्देश्य लोगों को सुरक्षित और सुगम आवागमन उपलब्ध कराना था, लेकिन हर बरसात में यह अंडरपास जलभराव की चपेट में आ जाता है। इस बार भी लगातार बारिश के कारण अंडरपास पूरी तरह पानी में डूब गया है।

### दर्जनों गांवों के लोग परेशान

यह मार्ग नगीना-बिजनौर हाईवे, नजीबाबाद-बिजनौर हाईवे और बिजनौर-हरिद्वार हाईवे को जोड़ता है। इसी रास्ते से छितावर, लावलपुर, झलरी, नासिरी, भगेन, सलामपुर, सुंदरपुर सहित दर्जनों गांवों के लोग आवागमन करते हैं। अंडरपास बंद होने से इन गांवों के लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### जल्द पानी निकालने का दिया भरोसा

**रेलवे विभाग के सीनियर सेक्शन इंजीनियर सादिक ने बताया कि अंडरपास से जल्द पानी निकलवाने की व्यवस्था की जा रही है, ताकि लोगों का आवागमन फिर से शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि भविष्य में जलभराव की समस्या से बचने के लिए अगली बरसात से पहले पूरे अंडरपास को टिन शेड से कवर करने की योजना पर भी काम किया जाएगा।**

## बालावाली-मण्डावर मार्ग पर भारी वाहनों पर रोक

लगातार हो रही बारिश के चलते बालावाली- मण्डावर मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन पर अस्थायी रोक लगा दी गई है। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जनसुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है। जिलाधिकारी ने बताया कि लोक निर्माण विभाग, प्रांतीय खंड बिजनौर की रिपोर्ट के अनुसार मार्ग के किलोमीटर-6 पर ग्राम खिरनी के निकट लगातार बारिश के कारण सड़क के दोनों ओर भूमि स्तर में अंतर होने से वर्षा का पानी सड़क के ऊपर से बह रहा है। इससे सड़क के शोल्डर और पेवमेंट का गंभीर कटाव हो गया है, जिसके चलते भारी वाहनों का आवागमन असुरक्षित हो गया है और दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। उन्होंने बताया कि लोक निर्माण विभाग द्वारा मार्ग की मरम्मत एवं पुर्नस्थापन का कार्य युद्धस्तर पर कराया जा रहा है। मरम्मत कार्य पूरा होने तक बालावाली-मण्डावर खंड पर भारी वाहनों के संचालन पर अस्थायी प्रतिबंध रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि मार्ग की स्थिति सामान्य होते ही भारी वाहनों का आवागमन पुनः शुरू कर दिया जाएगा।





हिदायतपुर चौहड़वाला में जलभराव

## गली-कूंचों का पानी निकला, मगर कब्रिस्तानों में पानी बरकरार

## कब्रों से आने लगी बदबू

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** चौहड़वाला में बारिश के चलते कल भारी जलभराव के कारण हुए बाढ़ जैसे हालात आज काफी हद तक सामान्य हैं, मगर गांव के दोनों कब्रिस्तान अभी भी पानी से लबालब हैं। कब्रों में पानी भरकर उबल जाने से कई कब्रों का कफन निकलकर बाहर आ गया और अब वहां से बदबू फैलने के आसार लग रहे हैं। कब्रों की बेहुरमती को लेकर लोगों में रोष है। मानसून की पहली तेज बारिश से क्षेत्र में कल कई जगह जलभराव की स्थिति उत्पन्न हुई, मगर ग्राम चौहड़वाला-टांडा में हालात बदतर हो गए। मेन रोड के किनारे बना नाला अटा होने व पानी की निकासी का एक और रास्ता बंद कर दिए जाने से यहां घरों और दुकानों में पानी भर गया था। किसी तरह एक दीवार में बने अस्थाई निकासी के रास्ते से होकर धीरे-धीरे आबादी का पानी तो ढल गया, मगर दोनों कब्रिस्तानों में पानी अभी भी बरकरार है जिसे लेकर लोगों में चिंता है।



### तहसीलदार ने किया दौरा

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** चौहड़वाला में जल भराव की सूचना पर तहसीलदार धामपुर धनराज कुमार व बीडीओ मनवीर सिंह गांव पहुंचे और जल भराव की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने इस समस्या को लेकर उच्चाधिकारियों से बात कर समाधान कराने की बात कही। 2022 में वर्षा काल के दौरान संक्रामक बीमारी फैलने से यहां कई मौत हो गई थी। गांव में कई दिन तक मेडिकल टीमों के पड़ाव के बाद हालत बड़ी मुश्किल से काबू में आए थे।

## नगीना में सीएचसी में चिकित्सक के आवास पर गिरा जामुन का पेड़

## तेज वर्षा के चलते हिंदू इंटर कॉलेज के बराबर में स्थित मैदान व बिजली दफ्तर पानी में डूबा



हिंदू इंटर कॉलेज के बराबर में स्थित मैदान पर भरा वर्षा का पानी।

**नगीना ( चिंगारी )।** पिछले तीन दिन से हो रही तेज बारिश से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं कई इलाकों में जलभराव की समस्या सामने आई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक के आवास के सामने खड़ा जामुन का पेड़ गिर गया। एक फार्मेसिस्ट उसकी चपेट में आने से बाल-बाल बचा।

सीएचसी के फार्मेसिस्ट अभय कुमार ने बताया कि पिछले तीन दिन से लगातार हो रही तेज़ बारिश के बीच बुधवार रात करीब नौ बजे चिकित्सकों के दो मंजिला आवासों के सामने खड़ा हुआ जामुन का पेड़ जड़ से उखड़कर बिल्डिंग के ऊपर गिरकर टिक गया। बताया जाता है कि पेड़ गिरने के दौरान वह भी सड़क से निकल रहे थे, गनीमत रही वह चपेट में नहीं आए।



नगीना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में वर्षा के चलते बिल्डिंग पर गिरा जामुन का पेड़।

उधर तेज वर्षा के चलते हिंदू इंटर कॉलेज के बराबर में स्थित मैदान पूरी तरह पानी से लबालब भर गया, जिसके चलते रोजाना सुबह व्यायाम करने व खेलने आने वाले लोगों को कई दिन तक खाली वापिस जाना पड़ेगा। उधर एचआईसी मार्ग पर स्थित बिजली दफ्तर में भी पूरी तरह पानी भर गया। एसडीसीओ रामकेश ने बिजली दफ्तर में ज्यादा पानी भरने के बाद स्थिति विकराल होती देख तुरंत पालिका में पहुंचकर अधिशासी अधिकारी सतीश कुमार से मुलाकात की तथा उनसे पानी निकासी की समुचित व्यवस्था तुरंत कराने के लिए एक शिकायती पत्र भी दिया। आशंका जताई कि यदि पानी की जल्द निकासी नहीं हुई तो बिजली व्यवधान पैदा हो सकता है। बिजली अफसर की शिकायत के बाद पालिका के अधिशासी अधिकारी ने संबंधित कर्मचारियों को समस्या के समाधान के लिए तुरंत मौके पर भेज दिया।



नगीना में बिजली दफ्तर में स्थित अधिशासी अभियंता के कार्यालय के बाहर खड़ा वर्षा का पानी।

## लगातार वर्षा से बढ़ रहा पीली डैम का वाटर लेवल

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** लगातार हो रही वर्षा से पीली, बनेली एवं धारा नदियों में पानी का बहाव लगातार बढ़ रहा है। गत दिवस पीलीबांध के जलागम क्षेत्र में 120 मिमी वर्षा दर्ज की गई जिससे यहां पानी की आवक लगातार जारी है। सहायक अभियंता पंकज कुमार जैन के मुताबिक पीलीडैम में लगभग 4 MCM (4 मिलियन घन मीटर) पानी आ गया है, स्थिति बेहतर है, सतत निगरानी रखी जा रही है और बनेली स्पिलवे पर स्थापित गेटों का जलप्रवाह एवं जलस्तर के अनुसार वैज्ञानिक एवं नियंत्रित ढंग से संचालन किया जा रहा है ताकि अधोवर्ती क्षेत्र को संभावित बाढ़ से सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने बताया कि लगातार हो रही वर्षा को देखते हुए संभावित बाढ़ की आशंका के मद्देनज़र बांध के अधोवर्ती क्षेत्र के निवासियों को सतर्क कर दिया गया है तथा स्थानीय प्रशासन एवं सिंचाई विभाग के बीच निरंतर समन्वय स्थापित है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।



**आमजन से अपील :** विभागीय अधिकारियों द्वारा आमजन से अपील की गई है कि नदी एवं बांध के निकट अनावश्यक रूप से न जाएं तथा प्रशासन एवं सिंचाई विभाग द्वारा जारी गाइडलाइंस अथवा आदेशों-निर्देशों का पालन करें।

## मूसलाधार बारिश में मकान हुआ धराशायी



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** बुधवार-बृहस्पतिवार की रात्रि हुई मूसलाधार बारिश के चलते एक मकान अचानक धराशायी हो गया। गनीमत रही कि मकान गिरने से कुछ ही देर पहले परिवार के सभी सदस्य बाहर निकल आए थे, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। क्षेत्र के ग्राम अनवरपुर चण्डिका निवासी हुकम सिंह ने बताया कि वह अपने बुजुर्ग माता-पिता के साथ उक्त मकान में रह रहा था। रात के समय लगातार हो रही तेज बारिश के कारण मकान की एक दीवार अचानक एक ओर झुकने लगी। दीवार में दरारें और झुकाव देखकर उन्हें अनहोनी की आशंका हुई जिसके बाद उन्होंने तुरंत अपने माता-पिता को लेकर घर से बाहर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। कुछ ही क्षण बाद पूरा मकान भरभराकर जमीन पर गिर गया। हुकम सिंह ने बताया कि उसने लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व लाखों रुपये की लागत से इस मकान का निर्माण कराया था तथा उस पर सीमेंट की चादर डलवाकर परिवार सहित रह रहा था। घटना के बाद ग्राम में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर स्थानीय लोग भी पीड़ित परिवार की मदद के लिए पहुंच गए। मकान गिरने से पीड़ित को भारी आर्थिक क्षति हुई है। पीड़ित परिवार ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कराकर उचित आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की मांग की है।

## मंडी स्थल में भर गया पानी दुकानदारों को परेशानी



स्थानीय उपमंडी स्थल में भरा तालाब का पानी

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** कुछ दिनों पहले ही जहां भयंकर गर्मी से बेहाल लोग दिन-रात बारिश होने के लिये प्रार्थना कर रहे थे, वहीं 7 जुलाई से बदरा जमकर बरसने शुरू हुए, तो अब बारिश से भी सामान्य जनजीवन प्रभावित हो गया है। नांगल में थाने के पीछे कृषि उत्पादन मंडी समिति नजीबाबाद के उपमंडी स्थल पर प्रत्येक शुक्रवार को विशाल साप्ताहिक बाजार लगता है। यह साप्ताहिक बाजार जहां क्षेत्र के लोगों को सप्ताह भर के खाने लायक सब्जियां उपलब्ध कराता है, वहीं सैकड़ों दुकानदारों को आजीविका भी प्रदान करता है। साप्ताहिक बाजार में चावल, दालें, मसाले, रेडीमेड कपड़े, सिलने के लिये कपड़ा आदि तमाम सामान मिलता है। उपमंडी स्थल से सटा हुआ एक विशाल तालाब है। भारी बारिश से उक्त तालाब का पानी उपमंडी स्थल में भर गया है। आज सुबह दुकानदार वहां पहुंचे, तो सारे में पानी भरा देखकर चौक गये, जिसके चलते दुकानदारों ने अपनी दुकानें मुख्य बाजार वाली पुलिया के पास से थाने के समीप तक सड़क के किनारे लगायीं। दुकानदार आते रहे और जहां जिसे जगह मिली, वह अपनी दुकान वहीं लगाता रहा। उधर बार-बार आने वाली बारिश से दुकानदारों को काफी परेशानी उठानी पड़ी। कुछ दिनों पहले दिन - रात बारिश के लिये प्रार्थना कर रहे लोग अब बारिश रुकने के लिये भी हाथ जोड़ने लगे हैं।

# फ़र्ज़ी वेबसाइट बनाकर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, सात आरोपी गिरफ़्तार

**नूरपुर ( चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर साइबर अपराध के खिलाफ चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने परिवहन विभाग की आधिकारिक हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट यानी (एचएसआरपी) की वेबसाइट की हुबहू नकल बनाकर देशभर में ठगी करने वाले एक संगठित साइबर गिरोह का पर्दाफाश किया है। मामले में 7 शातिर युवकों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से भारी मात्रा में मोबाइल, लैपटॉप, सिम कार्ड और नकदी बरामद हुई है। पुलिस पूछताछ में गिरोह के कारनामों का चौकाने वाला खुलासा हुआ।

मुख्य आरोपी तुषार शर्मा निवासी ग्राम फैजपुर और अरशद निवासी मोहल्ला इस्लामनगर ने GoDadd4 के माध्यम से डोमेन खरीदकर परिवहन विभाग की वेबसाइट से मिलती-जुलती फर्जी साइटें तैयार की थीं। वेबसाइट को आम लोगों को



असली लगवाने के लिए आरोपियों ने चैट जीपीटी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल का इस्तेमाल किया। साइट पर दिए गए हेल्पलाइन नंबर, लोगों और भाषा को भी एआई की मदद से प्रोफेशनल बनाया गया था। जब लोग इन फर्जी वेबसाइटों पर एचएसआरपी प्लेट की बुकिंग के लिए ऑनलाइन भुगतान करते थे, तो पैसा सीधे गिरोह के सदस्यों के बैंक खातों में ट्रांसफर हो जाता था।

शिकायतें बढ़ने पर हीमपुर दीपा और नूरपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने सर्विलांस के जरिए आरोपियों को दबोचा। पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान अनस निवासी मोहल्ला रामनगर, तुषार निवासी ग्राम फैजपुर, प्रशांत कुमार निवासी पैतिया थाना स्योहारा, मो. फैजान निवासी ग्राम फैजपुर, मोहित कुमार निवासी अकबरपुर मुरादाबाद, अरशद और रेहान निवासीगण मोहल्ला इस्लामनगर नूरपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी तुषार ही पूरे नेटवर्क को ऑपरेट कर रहा था। पुलिस को आरोपियों के पास से 11 मोबाइल, एक लैपटॉप, 12300/- रुपए नकद बरामद हुए हैं। ठगी की रकम आरोपी मोहित, अनस, प्रशांत और मोहम्मद फैजान के खातों ने डलवाई जाती थी, जिसे बाद में आपस में बांट लिया जाता था। सीओ देश दीपक ने बताया कि आरोपियों से बरामद डिजिटल उपकरणों को फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है। बैंक खातों को फ्रीज कराकर लेनदेन का ब्योरा खंगाला जा रहा है। पुलिस ने सभी आरोपियों का चालान कर दिया।

## वन स्टार एक्सपोर्ट हाउस का प्रमाण-पत्र मिला

# हिंदुस्तान एक्सपोर्ट हाउस से कीटनाशक लेकर सऊदी अरब रवाना हुआ कंटेनर

**बिजनौर ( चिंगारी )**। मंडावर स्थित हिंदुस्तान एग्रो एक्सपोर्ट हाउस से सऊदी अरब के लिए कीटनाशक से भरे कंटेनर को पुलिस उपाधीक्षक ग्रामीण प्रकाश कुमार द्वारा हिंदुस्तान एग्रो कैंपस से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता मुहम्मद हाशिम, हिंदुस्तान एग्रो एमडी डॉ. शोएब, मो. नौमान, सलीम, सत्यप्रकाश, हरिराज, फुरकान आदि मौजूद रहे। हिंदुस्तान एग्रो के एमडी डॉक्टर शोएब ने बताया कि सऊदी अरब की राको एग्रो कंपनी को कीटनाशक भेजा गया है। ज्ञात हो कि मंडावर स्थित हिंदुस्तान एग्रो द्वारा पिछले काफी समय से भारतीय उत्पादों व कृषि फसलों को बाहर के देशों में निर्यात किया जाता है। अभी हाल ही में भारत सरकार द्वारा हिंदुस्तान एग्रो मंडावर को वन स्टार एक्सपोर्ट हाउस की संस्तुति प्रदान की गई है।




# अग्रवाल सभा ने होनहारों को सम्मानित किया

**चांदपुर ( चिंगारी )**। सामाजिक संस्था अग्रवाल सभा चांदपुर के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में समाज के होनहार बच्चों को सम्मानित किया गया। स्याऊ रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। अमित गोयल, मयंक सिंघल व आकाश मित्तल ने झंडागान किया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा चांदपुर के लिए कृष्णोतार अग्रवाल बैंकर्स व ब्रहम स्वरूप अग्रवाल को संरक्षक तथा नरेश कुमार गोयल को अध्यक्ष चुना गया।



कार्यक्रम में समाज के होनहार बच्चों प्रियांशी अग्रवाल सीए व वासु अग्रवाल सीए, उत्कर्ष अग्रवाल एमबीबीएस, नव्या अग्रवाल बी अर्च, पूर्वी गोयल बीएससी आईटी गोल्ड मेडलिस्ट को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कृष्णोतार अग्रवाल बैंकर्स, डा. केसी मित्तल, अर्पित गोयल, विष्णु गोपाल अग्रवाल दीपू, रामदीन, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुबोध गुप्ता, निमित सिंघल, आकाश मित्तल, अमित गोयल, मयंक सिंघल, प्रशांत अग्रवाल, संजय अग्रवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पलवल माहेश्वरी ने किया।

# राष्ट्रीय शिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा बनीं फादरसन स्कूल की छात्रा व शिक्षिका सुनीता वर्मा

**चांदपुर ( चिंगारी )**। फादरसन पब्लिक स्कूल की छात्रा इशिता सिंह सुपुत्री संदीप कुमार सिंह तथा विद्यालय की अभिभावक शिक्षिका सुनीता वर्मा ने शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित राष्ट्रीय अनुभवात्मक शिक्षण कार्यक्रम 'प्रेरणा' के द्वितीय चक्र के 13वें बैच में प्रतिभाग करते हुए जनपद बिजनौर एवं उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।

यह राष्ट्रीय कार्यक्रम गुजरात के ऐतिहासिक नगर वडनगर में आयोजित किया जाता है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, नैतिक एवं प्रेरणादायी मूल्यों, नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व तथा राष्ट्र निर्माण की भावना का विकास करना है। कार्यक्रम



के दौरान प्रतिभागियों को अनुभवात्मक शिक्षण, कहानी कथन, स्वदेशी खेल, विरासत भ्रमण तथा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के सफल समापन पर शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी एवं प्रबंधन ने छात्रा इशिता सिंह तथा अभिभावक शिक्षिका सुनीता वर्मा को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर बधाई दी। कहा कि यह उपलब्धि फादरसन पब्लिक स्कूल एवं जनपद बिजनौर दोनों के लिए गौरव का विषय है।

# नवागत डीआई का स्वागत, स्थानांतरित डीआई को विदाई



**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। गुरुवार को अफजलगढ़ केमिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित समारोह में निवर्तमान औषधि निरीक्षक ( डीआई ) उमेश भारती को भावभीनी विदाई दी गई। जबकि नवागंतुक औषधि निरीक्षक पीयूष शर्मा का स्वागत किया गया।**

अफजलगढ़–मेघपुर मोड़ स्थित बैंक्वेट हॉल में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए नवागत औषधि निरीक्षक पीयूष शर्मा ने कहा कि आमजन को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने झोलाछाप चिकित्सकों तथा अवैध रूप से संचालित मेडिकल स्टोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने के संकेत दिये। स्थानांतरित औषधि निरीक्षक उमेश भारती ने अपने संबोधन में कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्हें दवा व्यवसायियों का भरपूर सहयोग, सम्मान और आत्मीयता मिली। इस अवसर पर एसोसिएशन के संरक्षक प्रमोद कुमार बिश्नोई, महामंत्री दिलशाद अंसारी, अरुण कुमार जैन, सरदार गुरमीत सिंह, आमोद बिश्नोई, वसीम अहमद, अजय अग्रवाल, मोहम्मद असलम, विसाल अहमद, अंकुश जैन सहित बड़ी संख्या में केमिस्ट एवं मेडिकल स्टोर संचालक मौजूद रहे।

## प्रमोद विश्नोई को सम्मानित किया



कार्यक्रम के दौरान अफजलगढ़ के प्रतिष्ठित प्रमोद मेडिकल स्टोर के सफलतापूर्वक 50 वर्ष पूर्ण होने पर नवागंतुक औषधि निरीक्षक पीयूष शर्मा ने मेडिकल स्टोर के संचालक प्रमोद बिश्नोई को स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया तथा पांच दशकों से क्षेत्रवासियों को निरंतर दवा सेवा उपलब्ध कराने की सराहना की। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक ईमानदारी, गुणवत्ता और विश्वास के साथ सेवा देना किसी भी प्रतिष्ठान के लिए गर्व की बात है। उपस्थित दवा व्यवसायियों ने भी प्रमोद मेडिकल स्टोर की इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए इसे पूरे केमिस्ट समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

# वंश सैनी के परिजनों को विधायक ओमकुमार ने सौंपा 4 लाख का चैक



**नहटौर ( चिंगारी )।** डेढ़ सप्ताह पूर्व टयूबवैल के झेरे में गिरने से वंश सैनी की मौत के मामले में विधायक ओमकुमार ने शासन की ओर से आर्थिक सहायता के लिए पीड़ित परिजनों को चार लाख का चैक सौंपा। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिजनों के साथ दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े हैं। बृहस्पतिवार को विधायक ओमकुमार मोहल्ला नौधा स्थित धर्मेंद्र सैनी के आवास पर पहुंचे और पीड़ित परिजनों को चार लाख की आर्थिक मदद का चैक सौंपा। विधायक ओमकुमार ने कहा कि इस दुख की घड़ी में वह और पूरा भाजपा परिवार पीड़ित परिजनों के साथ है। इस अवसर पर भाजपा के जिला मंत्री तिलक राज सैनी, मंडल अध्यक्ष वैभव गोयल, प्रशांत वर्मा व्यापारी नेता कपिल शर्मा, सभासद सावन वाल्मीकि, नरेंद्र, कानूनगो ओमवीर सिंह, लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार आदि उपस्थित रहे।

# क्लब की पदाधिकारियों ने ग्रहण किया कार्यभार



**बिजनौर ( चिंगारी )।** गोल्डन लायनेस क्लब बिजनौर सिटी के नये सत्र का कार्यभार नवमनोनित पदाधिकारियों अध्यक्ष सुरभि जैन, सचिव डीना भाटिया और कोषाध्यक्ष मंजू शर्मा द्वारा संभाल लिया गया है। कार्यभार संभालते ही क्लब ने अपनी सामाजिक और सेवा गतिविधियों की शुरुआत कर दी है। क्लब द्वारा अपने पहले सेवा कार्य के अंतर्गत एक जरूरतमंद कन्या के विवाह हेतु आवश्यक सामग्री (साड़ी, सूटकेस, बेडशीट, क्रॉकरी व नकद) भेंट की गई। इसके बाद, दूसरे कार्यक्रम के रूप में क्लब द्वारा डॉक्टर्स डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. रीता चौधरी और डॉ. संतोष गुप्ता को क्लब की ओर से विशेष रूप से सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद क्लब की अन्य सदस्य महिला चिकित्सकों का भी अभिनंदन किया गया।

# विद्या मंदिर में प्रति संगठन मंत्री का स्वागत

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना मार्ग स्थित रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित दो दिवसीय घोष वर्ग के दूसरे दिन प्रान्त संगठन मन्त्री प्रदीप कुमार का आतिथेय प्राप्त हुआ। वन्दना सत्र में विद्यालय (रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज धामपुर) के प्रधानाचार्य हेमेन्द्र सिंह ने प्रान्त संगठन प्रदीप कुमार को अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया। प्रान्त संगठन मंत्री प्रदीप कुमार ने घोष क्यों सीखना, कैसे सीखना विषय पर अपने विचार व्यक्त किये। सम्भाग निरीक्षक उपेंद्र कुमार ने राष्ट्र की एकता और अखण्डता को अक्षुण्ण रखने हेतु अपना सर्वस्व बलिदान करने को अपना धर्म बताया। घोष के



माध्यम से हम सब एक होकर राष्ट्रीय भावना को बलवती करते हैं। संगठन मन्त्री ने अपने वाद्य यन्त्र का विशेषज्ञ बनने को कहा।

# बाप ने बेटे के आरोपों का खंडन किया

## मुदस्सिर जमा खान ने भी आरोपों को सिरे से खारिज किया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। वीडियो में शुऐब नामक युवक ने नगर के युवा आसपा नेता मुदस्सिर जमा खान पर जान से मारने की धमकी देने तथा झूठा मुकदमा दर्ज कराने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले में नया मोड़ तब आया, जब युवक के पिता ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो में अपने बेटे के आरोपों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि उनका बेटा गलत संगत में पड़ गया है और उसी के प्रभाव में इस तरह के बेबुनियाद वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित कर रहा है। उनका कहना है कि उन्होंने लगभग तीन माह पहले ही बेटे को घर से निकाल दिया था। उन्होंने यह भी कहा कि मुदस्सिर जमा खान एक सम्मानित व्यक्ति हैं, जिन्होंने समय-समय पर उनके परिवार की मदद की है और उनका परिवार कभी भी मुदस्सिर जमा खान से किसी प्रकार के विवाद में नहीं रहा। वहीं, मुदस्सिर जमा खान ने भी वायरल वीडियो में लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उनका कहना है कि आरोप लगाने वाला युवक पहले उनके यहां नौकरी करता था और उसका पूरा खर्च भी वह स्वयं उठाते थे। उनके अनुसार युवक के



गलत संगत में पड़ जाने के कारण उसे नौकरी से हटा दिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ वायरल किया गया वीडियो एक सुनियोजित सियासी षडयंत्र का हिस्सा है। मुदस्सिर जमा खान ने पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति की ओर से राजनीतिक या अन्य किसी उद्देश्य से उन्हें बदनाम करने का प्रयास किया गया है, तो उसके विरुद्ध भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# बस व कार की टक्कर में दो युवक गम्भीर घायल






**बिजनौर ( चिंगारी )।** थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में गुरुवार शाम बिजनौर-नगीना मार्ग पर टोल प्लाजा के निकट हुए सड़क हादसे में रोडवेज बस और कार की आमने-सामने की टक्कर में कार सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बस चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम करीब चार बजे नगीना से बिजनौर की ओर आ रही रोडवेज बस संख्या UP20CT6213 ने तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए सामने से आ रही कार संख्या HR98A5110 में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार सवार शिवम मलिक (35) पुत्र अशोक मलिक निवासी विश्वकर्मा कॉलोनी, शामली तथा उनके साथी मनोज सैनी पुत्र जितेंद्र सैनी निवासी खेड़ी करमु, जनपद शामली गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेजा। वहीं मनोज सैनी की हालत गंभीर देखते हुए उसके परिजन उसे मेरठ सुभारती अस्पताल ले गए हैं। पुलिस ने दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया। थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त होने पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। फरार बस चालक की तलाश की जा रही है।

# अंकित चौधरी बने ब्लॉक अध्यक्ष



**किरतपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने निकटवर्ती ग्राम मिठारी निवासी युवा जुझारू किसान नेता अंकित चौधरी को ब्लॉक किरतपुर का अध्यक्ष मनोनीत किया है और साथ ही अंकित चौधरी से आशा व्यक्त की कि किसानों के हितों के लिए मजबूती से काम करेंगे। अंकित चौधरी के ब्लॉक अध्यक्ष बनने से क्षेत्र के किसानों में खुशी की लहर है।

# कार्यालय जिला पंचायत, बिजनौर

**पत्रांक: 398/निर्माण-जि.पं./2026-27** **दिनांक: 09/07/2026**

## ई-प्रोक्योरमेन्ट/ई-निविदा सूचना

मा. अध्यक्ष महोदय के आदेश के क्रम में ई-निविदा आमंत्रित करने हेतु पंचायती राज अनुभग-2 के गजट सं. 1425/33-2-2020-20जी.-2000 लखनऊ दिनांक-14 जुलाई, 2020 द्वारा लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग एवं जिला पंचायत के समस्त पंजीकृत एवं पात्र ठेकेदारों से जनहित में सार्वजनिक निर्माण कार्यों की ई-निविदा 15वें वित्त आयोग के टाईड/पंचम राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत गत वर्ष 2025-26 की अवशेष धनराशि के क्रम में 03 निर्माण कार्यों के सापेक्ष आनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण तथा नियम एवं शर्तों सहित ई-टेण्डर की वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर अपलोड की जायेगी, जिसको दिनांक 11.7.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से देखा व पढ़ा जा सकता है। इसके अतिरिक्त किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला पंचायत, बिजनौर में ई-निविदा से सम्बंधित समस्त जानकारी प्राप्त की जा सकती है। ई-निविदा दिनांक 11.07.2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से http://etender.up.nic.in पर दिनांक 31.07.2026 की अपराह्न 03:00 बजे तक डाउनलोड व अपलोड किया जा सकता है। जिसकी तकनीकी बिड दिनांक 31.07.2026 को टेण्डर समिति के समक्ष कार्यालय जिला पंचायत बिजनौर में सायं 04:00 बजे से खोली जायेगी। तकनीकी निविदा परीक्षणोपरान्त वित्तीय निविदा खोले जाने हेतु तिथि व समय निर्धारित किया जायेगा। निविदा के साथ निविदा मूल्य की धनराशि, जिसमें स्टेशनरी चार्ज तथा जी.एस.टी. सम्मिलित है, का आर.टी.जी.एस./नेफ्ट/ऑनलाइन डिजिटल भुगतान के माध्यमों से जिला पंचायत की जिला निधि खाता संख्या-50100182826670 IFSC Code-HDFC0000863 एच.डी.एफ.सी. बैंक में जमा कर प्राप्ति रसीद संलग्न कर अपलोड करना अनिवार्य होगा। कार्यों की 02 प्रतिशत सत्यकार/बयाने की धनराशि किसी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा डाकघर से एफ.डी.आर./टी.डी.आर./राष्ट्रीय बचत पत्र राशि/एन.ई.एफ.टी./आर.टी.जी.एस. के माध्यम से अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत बिजनौर के पदनाम से बंधक कराकर जमा करना अनिवार्य होगा। किसी भी दशा में बिना अनुबन्ध गठित/कार्यादेश के कार्य को प्रारम्भ नहीं किया जायेगा, अन्यथा की स्थिति में भुगतान हेतु जिला पंचायत की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। कार्य मानक व विशिष्टियों के अनुसार कराया जायेगा। ई-टेण्डरिंग के सम्बंध में शासन से यदि कोई निर्णय लिये जाते है तो ठेकेदार को मान्य होंगे। शुद्धि पत्र यदि कोई होता है, तो उसे वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर अपलोड कर दिया जायेगा। निविदा किसी भी समय एवं किसी भी दशा अथवा किसी भी परिस्थिति में स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार मा. अध्यक्ष महोदय का आरक्षित होगा।

**अभियन्ता**
**जिला पंचायत, बिजनौर**

**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत, बिजनौर**

# ट्रंप ने कायरता का सबूत दिया- काजी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सामाजिक चिंतक काज़ी ज़ियाउर्रहमान ने अमेरिका द्वारा ईरान से समझौता किए जाने के चंद दिनों के भीतर, जबकि ईरानी अपने सुप्रीम लीडर को दफनाने की तैयारी व शोक में डूबे हुये थे, हमला करके पागलपन और कायरता का सबूत दिया है। इस हमले से ये साबित हो गया कि ट्रंप कितने मक्कार हैं और कभी विश्वास करने के लायक नहीं। उन्होंने बिजनौर सांसद चंदन चौहान के आरएलडी के नगर अध्यक्ष नाराज़ फैसल वसी के घर जाकर उन्हें मनाने की तारीफ करते हुए कहा कि इससे यह सिद्ध हो गया कि सांसद जी कार्यकर्ताओं का कितना सम्मान करते हैं और अपनी पार्टी के प्रति भी वफादार हैं।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनायी

**शेरकोट ( चिंगारी )।** भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती मनाते हुए उन्हें पुष्पांजलि दी गई। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। कल शाम भाजपा कार्यकर्ता खो बैराज स्थित डाक बंगले पर एकत्रित हुए और श्रद्धा एवं उत्सव के साथ भारत जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके द्वारा राष्ट्र निर्माण में दिये गए योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी का कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाएं पहनाकर और पटका ओढ़ाकर स्वागत किया गया। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को एक निर्भीक, राष्ट्रवादी और दूरदर्शी बताया। उन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर डॉ. मुखर्जी के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विजयपाल सैनी ने की और संचालन धर्मवीर चौहान ने किया। सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड के डायरेक्टर रणजीत सिंह दारा, अभिषेक कोहली, बिट्टू चौहान, संजीव चौहान, सुशील सैनी, शुभम बिडला, निपेंद्र कुमार, शेख शाहनवाज आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# धूमधाम से मनाया जायेगा समिति का स्थापना दिवस



**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिले की अग्रणी सामाजिक संस्था नगर कल्याण समिति की मासिक बैठक नगर के एक रेस्टोरेंट में समिति के अध्यक्ष हसन अब्बास की अध्यक्षता एवं महासचिव राजीव अग्रवाल के निर्देशन में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में नगर के विकास, जनहित एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि समिति का स्थापना दिवस आगामी माह भव्य एवं उत्साहपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा। साथ ही, नगर की विभिन्न जनसमस्याओं के प्रभावी समाधान हेतु शीघ्र ही जिलाधिकारी एवं नगर पालिका चेयरपर्सन से प्रतिनिधिमंडल के रूप में भेंट कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक में डॉ. के.सी. त्यागी, संतराम देशवाल, भारत भूषण मित्तल, डॉ. मीना बक्शी, डॉ. मंजुला कुमार, डॉ. नीता सिंह, श्रीमती राजुल त्यागी, श्रीमती सुमन चौधरी, श्रीमती रचना कपूर, विजय सचदेवा, श्रीमती नीरा अग्रवाल, श्रीमती सुमन शर्मा, श्रीमती शिखा गुप्ता, श्रीमती पुष्पा ठाकुर, श्रीमती छवि कौशल एवं श्रीमती शालू वार्ष्णेय सहित अनेक सदस्यों ने सहभागिता की। यह जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी रितेश भटनागर ने दी।

# कंडक्टर का शव ट्रांसपोर्ट पर रखकर धरना दिया



**शेरकोट ( चिंगारी )। ट्रांसपोर्ट की गाड़ी पर कंडक्टर के रूप में गाजियाबाद गए एक व्यक्ति की वहीं पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनो ने मुआवजे की मांग को लेकर शव ट्रांसपोर्ट के सामने रखकर धरना शुरू कर दिया।**

नगर के मुहल्ला अचारजान निवासी राजू सैनी ने बताया कि उनका भाई 50 वर्षीय बिशना सैनी पुत्र छोटे सिंह 6 जुलाई को नगर की एम. के. रोड लाइन ट्रांसपोर्ट की गाड़ी पर परिचालक के रूप में गाजियाबाद बार्डर गया था। परिजनों के अनुसार मंगलवार की शाम उन्हें किसी व्यक्ति से पता लगा कि गाजियाबाद में बिसना की तबीयत खराब हो गई और कुछ देर बाद पता लगा कि उसकी मौत हो गई है। परिजनों का कहना है कि गाड़ी चालक काले सिंह और ट्रांसपोर्ट स्वामी मुकेश कुमार द्वारा उन्हें बिसना की तबीयत खराब होने या मृत्यु की सूचना नहीं दी गई और परिजनों द्वारा जब इनसे बात की गई तो किसी भी बात का ट्रांसपोर्ट स्वामी द्वारा संतोष जनक उत्तर नहीं दिया गया। बुधवार को बिसना की मौत का पता लगने पर परिजन गाजियाबाद पहुंचे और पोस्टमार्टम के

## संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

उपरांत देर रात शव लेकर शेरकोट आ गए। ट्रांसपोर्ट स्वामी के नाराज होकर परिजनों ने कल सुबह 10 बजे शव ट्रांसपोर्ट के सामने ले जाकर रख दिया और धरने पर बैठ गए। मामले का पता लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया, परंतु परिजन मुआवजे की मांग पर अडे रहे। समाचार लिखे जाने तक धरना जारी था। बताया जाता है कि मृतक मेहनत मजदूरी करता था। उसकी शादी नहीं हुई थी और वह अपने बीमार भाईयों अमर सिंह और राजू के भी परिवार का सहारा था।

# होम्योपैथिक क्लीनिक का उद्घाटन



क्लीनिक का उद्घाटन करते हुये ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार।

**नहटौर ( चिंगारी )।** नगरवासियों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए गणपति मार्केट में दीप क्लीनिक का भव्य शुभारंभ किया गया। क्लीनिक का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार ने रामौतार सिंह चौहान एवं विजेंद्र नाथ गौड़ के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार ने कहा कि होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति कम खर्चीली होने के साथ-साथ सुरक्षित एवं प्रभावी उपचार प्रणाली है। आज बड़ी संख्या में लोग इस चिकित्सा पद्धति पर विश्वास जता रहे हैं। क्लीनिक के संचालक डॉ. नवदीप दुबे ने बताया कि दीप क्लीनिक में त्वचा रोग, एलर्जी, बच्चों के रोग, महिलाओं से संबंधित समस्याएं, जोड़ों का दर्द, माइग्रेन, अस्थमा, थायरॉयड, मधुमेह, पाचन संबंधी समस्याएं, लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों सहित अनेक पुराने एवं जटिल रोगों का होम्योपैथिक पद्धति से उपचार किया जाएगा। इस अवसर पर कपिल शर्मा, राकेश अग्रवाल, सुधीर दुबे, डॉ. अमित शर्मा, डॉ. रुपाली शर्मा, डॉ. शशांक गौतम, डॉ. विजेंद्र सिंह, डॉ. निपेंदर सिंह, आकाश शर्मा, अरुण शर्मा, मनोज कुमार, संदीप दुबे, डॉ. प्रदीप दुबे, डॉ. जीशान अहमद, डॉ. विभोर चौहान, डॉ. फहीम, सीटू चौधरी, प्रमोद चौहान सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक एवं चिकित्सक उपस्थित रहे।

# बारिश के बीच बिजली गुल विभाग का रवैया ढुलमुल

**पैजनिया ( चिंगारी )।** दो दिन से हो रही भारी बारिश के बीच पैजेनिया में बिजली व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। परसो बुधवार शाम करीब 7 बजे से आज सुबह समाचार लिखे जाने तक, करीब 36घंटे से भी ज्यादा बिजली गुल रही है। बिजनौर-नूरपुर रोड स्थित पैजनिया बिजली घर बारिश के कारण ब्रेक डाउन से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ ही घंटों में इनवर्टर डिस्चार्ज हो गए। घरों में अंधेरा छा गया। क्षेत्र मे चोर, गुलदार अलग से दहशत फैला रहे हैं। बिजली ना आने से पानी सप्लाई भी बंद हैं। बारिश, अंधेरा.. लोग पूरी दो रात सो नहीं पाए। बिजली ना आने से क्षेत्र के 52 गांव प्रभावित है। लोगों का कहना है कि जरा सी बारिश में ही बिजली गायब हो जाती है। विभाग स्थायी समाधान क्यों नहीं करता?

## बिजली विभाग का पक्ष

*पैजनिया बिजली घर के जेई मनोज का कहना है 33kv लाइन ब्रेकडाउन में आ गई है जिसके कारण बिजलीघर पर लाइट नहीं है। बारिश के कारण रात मे पेट्रोलिंग सम्भव नहीं होती इसलिये सुबह को पेट्रोलिंग करके लाइन शुरू होगी, लेकिन दिन में भी ट्रिपिंग होती रही।*

## लोगों की मांग

*जर्जर तारें बदली जाएं और उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाए जाएं, ताकि मानसून में बार-बार ब्रेकडाउन न हो। पैजनिया में हर बारिश में यही हाल होता है। अभी मानसून लंबा है, इसलिए विभाग को प्रिवेंटिव मेंटेनेंस पर ध्यान देना चाहिए।*

# एक माह से लापता युवती का कोई सुराग नहीं

**नींन्दड़ू ( चिंगारी )।** किसी के प्रेम जाल में फंसी एक युवती एक माह पूर्व लोक लाज की सभी हदें पार कर घर से कहीं ग़ायब हो गई थी, जिसका अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका। किशोरी को आखिर आसमान खा गया या ज़मीन निगल गई। समीपवर्ती ग्राम निवासी एक व्यक्ति की लाडली एकलौती पुत्री ने मां बाप के प्यार को धता बताते हुए किसी के प्यार में ऐसी पागल हुई कि बीते 5 जून को प्रातः साढ़े दस बजे मां की गैर मौजूदगी में मौक़ा पाकर घर से फुर्र हो गई। कई दिनों तक तो मां बाप इज़्ज़त के डर से चुपके चुपके सम्भावित स्थानों पर तलाश करते रहे। ना उम्मीद होकर पुलिस को तहरीर दी, फिर भी सुराग़ न मिलने पर कप्तान साहब से भी बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई । 34 दिन बीत जाने तक कोई सुराग नहीं पाई पुलिस।

# धर्म की रक्षा हेतु प्रभु सदा अवतरित होते हैं - माधव जी महाराज

**बिजनौर ( चिंगारी )।** काकरान वाटिका में श्री राम कथा के पांचवे दिन भक्तिमय माहौल रहा। योगेंद्र माधव जी महाराज ने ताड़का वध की कथा सुनाई और कहा कि बच्चों को रामायण-गीता से जोड़ें, जिससे सनातन घर-घर तक जाए। इस अवसर पर संघ के विभाग प्रचारक क्रांति भाई साहब के हनुमान और राधा-रानी के भजनों पर पूरा पंडाल झूम उठा। मुख्य यजमान दुष्यंत कुमार ने सभी भक्तों का धन्यवाद किया और प्रसाद वितरित किया। जय श्री राम के नारों से वातावरण राममय हो गया। कार्यक्रम में विभाग प्रचारक क्रांति जी, जितेंद्र चौधरी, वंदना चौहान, भवि शर्मा, नेहा अरोड़ा सीमा शर्मा, गौरव यादव, संजीव शर्मा, तरुण गुप्ता, बृजनंदन चौहान, शुभम गौड़, मेघा शर्मा उपिस्थति रहे।



# लखवीर सिंह बने बसपा के विधानसभा अध्यक्ष



**नहटौर ( चिंगारी )।** बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष कविराज सिंह ने नहटौर विधानसभा सुरक्षित सीट पर लखवीर सिंह निवासी खड़साल को अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बसपा के बिजनौर जिला अध्यक्ष कविराज द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति में कहा गया है कि आगामी राजनीतिक चुनौतियों को देखते हुए और धरातल पर संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने के उद्देश्य से शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर नियुक्तियां की गई हैं। नवनियुक्त पदाधिकारियों से उम्मीद जताई गई है कि वह पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

चिंगारी
ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा

# कांवड यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने में सहयोग दें - मृदुल कुमार

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। आगामी कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।**

बैठक में प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने कांवड़ यात्रा के संबंध में शासन एवं उच्च अधिकारियों द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से उपस्थित लोगों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही उन्हें फैलाएं। सभी लोग आपसी भाईचारा, सामाजिक सौहार्द तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। साथ ही निर्देश दिए कि डीजे की ध्वनि शासन द्वारा निर्धारित डेसीबल सीमा के अनुरूप ही रहे, कांवड़ मार्ग पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न होने दिया जाए तथा सेवा शिविरों में स्वच्छता और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाएंगे। संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों एवं ड्रोन के माध्यम से यात्रा मार्ग की निरंतर निगरानी की जाएगी।



पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते कोतवाल मृदुल कुमार।

# मालन नदी में आया तीव्र उफान
# शहर में पानी भरा, लोग परेशान

## नदी के आसपास के खेतों में पानी भरने से फसलों को नुकसान

नजीबाबाद (चिंगारी)। पहाड़ी व मैदानी इलाकों में लगातार हो रही बारिश के चलते नगर की मालन नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से नदी के आसपास के इलाकों में जलभराव हो रहा है। जिससे बाढ़ जैसे हालत पैदा होते जा रहे है। पहाड़ों के साथ मैदानी क्षेत्रों में भी लगातार बारिश से गुरूवार की सुबह नगर से गुजर रही मालन नदी में काफी पानी आ गया। पानी नदी से लगे आसपास के क्षेत्रों कछियाना बस्ती, मौहल्ला रम्पुरा व हरिद्वार मार्ग के खेतों व कालोनियों में घुस गया है। बारिश के साथ मालन नदी का पानी मौहल्ला रम्पुरा के लोगों के घरों के अंदर तक घुसने से उनका घरेलू सामान पानी में बह गया है। उधर, मौहल्ला रम्पुरा में घुसने से काफी लोग अपने घरों में फंस गये थे, जिन्हें मौहल्लावासियों ने मिलकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया था। मालन नदी का पानी नदी से लगी आसपास की कालोनियों व खेतों में घुसने से लोगों का आवागमन बाधित हो रहा है। खेतों में खड़ी किसानों की काफी फसलें पानी में डूब गई है। मालन नदी का पानी हरिद्वार रोड पर बने पुराने पुल के स्लैब से थोड़ा नीचे बह रहा है। अगर बारिश नही रूकी तथा नदी का जलस्तर कम नहीं हुआ तो यह पानी हरिद्वार रोड पर भरने के साथ आसपास के इलाकों में काफी अंदर तक पहुंच जाएगा। जिससे काफी लोगों का नुकसान हो सकता है। कछियाना बस्ती सहित ग्राम खैरूल्लापुर आदि क्षेत्रों को भी मालन नदी का जल स्तर बढ़ने से काफी खतरा पैदा हो गया है। मालन नदी के पानी से इन क्षेत्रों में बाढ़ जैसे हालात पैदा हो सकते है। पिछले साल भी बरसात में कछियाना क्षेत्र में मालन नदी का पानी घुसने से वहां बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गये थे तथा लोगों का काफी नुकसान हुआ था। मालन नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से नदी के आसपास रहने वाले लोग काफी परेशान है।


हरिद्वार रोड पर पुल के नीचे से गुजर रही उफनती मालन नदी।

### सूचना

मेरी एक दुकान मौहल्ला रम्पुरा हरिद्वार रोड पर स्थित है। उक्त दुकान को करीब आठ माह पूर्व समीर नामक व्यक्ति ने मौखिक रूप से किराये पर लिया था। दुकान में हिकमत का दवाखाना खोलने के लिए अपना केबिन बनाया था, जिसमें दवाईयां भी रख दी थी। इसके बाद समीर का कोई पता नहीं चला, ना ही उक्त समीर अपना सामान उठाने आया, ना ही उसे दुकान का किराया दिया है। उक्त दुकान में रखे सामान को उठाकर सुरक्षित जगह पर रख रहा हूं, जिससे भविष्य में उसने कोई परेशानी ना हो।

**–फरमान पुत्र श्री स्व. अ. सत्तार, निवासी मौहल्ला रम्पुरा, नजीबाबाद (जिला बिजनौर)**



## नजीबाबाद में 306 मिमी बारिश का रिकॉर्ड बना

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद में 24 घंटे के दौरान 306 मिमी बारिश दर्ज की गई। यह 1952 के बाद तीसरी सबसे अधिक बारिश बताई जा रही है। मानसून की पहली बारिश जिला बिजनौर के नजीबाबाद में सबसे अधिक रही है। बारिश से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों के काफी इलाकों में जलभराव हो गया है। जिससे लोगों को आवागमन में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। बारिश के बाद से गांव के मुख्य मार्गों पर पानी भरने से लोग पैदल नहीं निकल पा रहे है। लोगों को दुपहिया व चैपहिया वाहनों से पानी के बीच से गुजरना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों की काफी सड़के खराब होने से लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। जिससे लोग अपने जरूरी कामों से भी घरों से नहीं निकल पा रहे है। शहरवासियों व ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने प्रशासन से मार्गों पर जलभराव की समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

## मुस्सेपुर मुख्य मार्ग पर भर गया पानी, ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम मुस्सेपुर में मुख्य मार्ग पर पानी भरा होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्राम मुस्सेपुर के सुमित गुर्जर, रणवीर सिंह, इलम सिंह, साधुराम सिंह, योगराज सिंह, महिपाल सिंह, बबलू प्रजापति, राजकुमार आदि ग्रामीणों ने बताया कि यह सड़क पीडब्लूडी के अंतर्गत आती है। मेन हाईवे से अंदर गांव में लगभग 800 मीटर सड़क बनी है, इस सड़क से गांव के मुख्य मार्ग को जोड़ा गया है। गांव के अंदर मुख्य मार्ग पर लगभग 100 मीटर तक सड़क पर पानी की निकासी नहीं होने के कारण पानी भरा रहता है। पानी के भरे होने से ग्रामीणों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। साथ ही स्कूल के बच्चों को भी कीचड़ व पानी के बीच से होकर स्कूल जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में सड़क पर ज्यादा पानी भर जाता है। ग्रामीणों ने पीडब्ल्डी के आधिकारियों से सड़क को बनवाने व निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की है।**


सड़क पर भरे पानी के बीच से गुजर रहे स्कूली बच्चे व मरम्मत की मांग करते ग्रामीण।

### कई बार सड़क बनाने की मांग कर चुके

गांव के मुख्य मार्ग पर पानी भरा होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रह है। कई बार पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से सड़क बनाने की मांग की गई है, अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है।

**–दलीप कुमार, ग्राम प्रधान, मुस्सेपुर**

### स्वीकृत होते ही होगी सड़क की मरम्मत

**इस सड़क को मरम्मत की जरूरत है। मौसम साफ होने के बाद स्वीकृत होते ही सड़क की मरम्मत करा दी जाएगी।**

**–नीरज कुमार**
**जेई, पीडब्ल्यूडी**



खुल गया! खुल गया!

**श्री लाइट**



सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



# शुरु होते ही बरसात, आमसौड़ के ग्रामीणों में फिर आपदा का भय व्याप्त

## तीन वर्ष से लगातार पहाड़ी से हो रहा भूस्खलन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दुगड्डा ब्लॉक के आपदा प्रभावित आमसौड़ गांव के लोगों को बरसात में एक बार फिर आपदा का भय सताने लगा है। वर्ष 2023 से लगातार पहाड़ी से हो रहे भूस्खलन की आपदा झेल रहे हैं। शासन-प्रशासन की ओर से भूस्खलन प्रभावित पहाड़ी का ट्रीटमेंट करने का आश्वासन तीन साल बाद भी पूरा नहीं हो सका है। ग्रामीणों का आरोप है कि आपदा न्यूनीकरण विभाग की सर्वे रिपोर्ट और सुझाव मिलने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। मामला सर्वे और निरीक्षण तक ही सिमटकर रह गया है।

बतातें चलें कि 23 अगस्त, 2023 को हुई भारी बारिश के दौरान पहाड़ी से हुए भूस्खलन के कारण मलबा, पत्थर और पानी गांव के कई घरों में घुस गया था। हालात इतने गंभीर हो गए थे कि प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी थी। इसके बाद वर्ष 2024 के जुलाई और अगस्त में हुई भारी बारिश में भी पहाड़ी से मलबा और पानी आने से कई मकानों को नुकसान पहुंचा। उस दौरान भी प्रभावित परिवारों ने पंचायत भवन, रिश्तेदारों और गांव के अन्य घरों में शरण लेकर रातें गुजारी थीं। प्रभावित परिवारों का कहना है कि जिला प्रशासन ने आपदा न्यूनीकरण विभाग से पहाड़ी का सर्वे कराया था। विभाग ने अपनी रिपोर्ट और सुझाव भी प्रशासन को सौंप दिए लेकिन तीन साल बीतने के बाद भी पहाड़ी के ट्रीटमेंट का कार्य शुरू नहीं हो सका। पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य कुंदन सिंह, स्थानीय निवासी संजय सिंह, मनोहर लाल व वंशीधर आदि ने बताया कि शासन-प्रशासन केवल निरीक्षण और मौका मुआयना तक सीमित रहा। सिंचाई विभाग ने बरसाती नाले पाणी रौला में करीब 10 लाख की लागत से तटबंध बनाकर औपचारिकता पूरी कर दी, जबकि भूस्खलन रोकने के लिए केलापाणी पहाड़ी का स्थायी उपचार आज तक नहीं किया गया। यही कारण है कि आमसौड़वासी आज भी बरसात में भय के माहौल में जीने पर मजबूर हैं।

### ईई का कहना है-

**इस संबंध में सिंचाई खंड दुगड्डा के ई ई अनिल राठौर ने बताया कि आमसौड़ में आपदा के बाद करीब 10 लाख रुपये की लागत से पाणी के रौले में तटबंध बनाए गए थे। उन्होंने कहा कि भूस्खलन प्रभावित पहाड़ी के ट्रीटमेंट के लिए डीपीआर बनाने के लिए शासन से स्वीकृति नहीं मिल पाई है। स्वीकृति मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।**

## कुत्ते ने हमला करके बालक को घायल किया



**अल्हैपुर-धामपुर ( चिंगारी )।** कुत्तों के आतंक से अब गांव में भी हाहाकार मचने लगा है। गांव में छोटे बच्चों का घर से निकलना दुश्वार हो गया है। गौरतलब है, कि थाना क्षेत्र के गांव अमखेड़ा निवासी जसवंत सिंह का छह वर्षीय पुत्र माही अपने घर से कुछ ही दूरी पर खड़ा हुआ था, इसी दौरान वहां एक काले रंग का कुत्ता आया और बच्चे पर हमला कर दिया। बच्चे को कुत्ते ने इतनी बुरी तरह झकझोर दिया, कि बच्चे के सिर का भी मांस उतार कर ले गया। बच्चे की आंख के ऊपर भी कुत्ते के दांत लगे हैं। मौके पर पहुंची एक महिला ने मुश्किल से बच्चे की जान बचाई। गांव के लोग भयभीत हैं और अपने बच्चों को घर से बाहर नहीं निकलने दे रहे हैं।गांव वालों का आरोप है, कि प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

## क्लोजिंग ऐड्रेस के साथ एनसीसी शिविर समाप्त



**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम मोरना में 32यूपी बटालियन एनसीसी धामपुर के दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का क्लोजिंग एड्रेस संपन्न हुआ। इससे पूर्व कैंप कमांडेंट कर्नल गणेश शंकर विद्यार्थी ने कैंप के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले कैडेट्स को पुरस्कृत किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में ब्रावो कंपनी का दबदबा रहा जबकि एल्फा कंपनी रनर अप रही। गर्ल्स कैडेट्स के मध्य टैंग ऑफ बार कराई गई जिसमें चार्ली कंपनी प्रथम स्थान पर रही जबकि द्वितीय स्थान पर ब्रावो कंपनी रही। कैंप कमांडेंट द्वारा अपाइंटमेंट्स को भी पुरस्कृत किया गया। कैंप के समापन के अवसर पर कैडेट्स द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक प्रोग्राम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में कैंप कमांडेंट कर्नल गणेश शंकर विद्यार्थी ने कैडेट्स को देश का भावी नागरिक बताया। कार्यक्रम के अंत में कैंप कमांडेंट कर्नल गणेश शंकर विद्यार्थी ,सहायक कार्यालय अधीक्षक सुभाष चंद ने कैंप सर्टिफिकेट बाटे। इस अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल गणेश शंकर विद्यार्थी डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल ललित भट्ट, कैंप एडजुटेंट मेजर रमा शंकर,कैप्टन सुनीता देवी, कैप्टन धीरज शर्मा, लेफ्टिनेंट ललित कुमार, लेफ्टिनेंट जाहिद अली, लेफ्टिनेंट तेजस्वी, सेकंड अफसर कंचन, सेकंड अफसर विपिन कुमार सूबेदार कृष्ण कुमार, सूबेदार मधुसूदन, नायब सूबेदार विनिल वी, एचएम विनोद कुमार नेगी,संजय सिंह, हवलदार मनोज कुमार रॉय, हवलदार प्रकाश, हवलदार त्रिलोक सिंह, हवलदार सुरेंद्र नेगी,हवलदार ज्ञानेंद्र श्रेष्ठ आदि उपस्थित रहे।

## उत्तराखण्ड बार कौंसिल के नव निर्वाचित सदस्य का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड बार कौंसिल के नव निर्वाचित सदस्य कुलदीप कुमार का बार भवन कोटद्वार में भव्य स्वागत किया गया। बार एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा बुके एवं माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं द्वारा उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया तथा समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई। उत्तराखंड बार कौंसिल के सदस्य कुलदीप कुमार द्वारा सभी अधिवक्ताओं का आभार प्रकट करते हुए अधिवक्ताओं से सभी समस्याओं के समाधान का पूरा आश्वासन देते हुए कहा कि अधिवक्ताओं के लिए इस बार बेहतरीन कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अजय पंत, जसबीर राणा, नरेंद्र गुसांई, मुकेश कबटियाल, बिजेंद्र राणा, अनिल खंतवाल, अरविंद चौधरी, सुनील खत्री, कुंवर सिंह आर्य, सुनील घड़ीयाल, योजना शर्मा, प्रवेश रावत, अविरल पंत, सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित थे।

## बारिश से चिल्लरखाल-लालढांग मार्ग ठप हुआ

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** लगातार हो रही बरसात के कारण चिल्लरखाल-लालढांग मोटर मार्ग पर बहने वाले बरसाती गदेरे गुरूवार को भी उफान पर रहे। तेज बहाव के चलते मार्ग पर वाहनों की आवाजाही लगभग ठप रही।

बताते चलें कि पिछले तीन दिनों से मैदानी और पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार बारिश हो रही है। इसका सबसे अधिक असर चिल्लरखाल-लालढांग मार्ग पर पड़ा है। मार्ग के बीच पड़ने वाले सिगड्डी, मैली और चमरिया बरसाती स्रोत उफान पर हैं, जिससे आवागमन बेहद जोखिमपूर्ण बना हुआ है। बुधवार रात से ही क्षेत्र में तेज बारिश होने के कारण बरसाती स्रोतों का जल स्तर अचानक बढ़ गया। इससे इस मोटर मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा।

## राजयोगिनी प्रेम बहन के स्मृति कार्यक्रम में जुटेंगे संत-राजनेता

**देहरादून ( चिंगारी )।** ब्रह्माकुमारीज धर्म प्रभाग की नेशनल चेयरपर्सन रही राजयोगिनी प्रेम लता बहन के स्मृति कार्यक्रमों की श्रृंखला में 11 जुलाई को देहरादून सुभाषनगर ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र पर एक भव्य व दिव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। विश्व उत्कर्ष के लिए आध्यात्मिक जागृति विषयक इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्रह्माकुमारीज महिला विंग की चेयरपर्सन बीके शारदा दीदी करेंगी,जबकि मुख्य अतिथि उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूरी ,विशिष्ट अतिथि केबिनेट मंत्री धन सिंह रावत,राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी व विधायक विनोद चमोली होंगे। वहीं हरिद्वार में 12 जुलाई को आयोजित किए जा रहे राजयोगिनी प्रेम बहन के नवम स्मृति कार्यक्रम में उन्हीं साधु संतों को आमंत्रित किया गया है,जिन्हें प्रेम बहन ने राजयोग का ज्ञान देकर ब्रह्माकुमारीज के प्रति आस्थावान बनाया। इन संतो में



महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश, स्वामी राममुनि, आचार्य अरुणदास, महामंडलेश्वर साध्वी मैत्रीयति, महंत रविन्द्र पूरी, स्वामी देवानन्द सरस्वती, स्वामी दिनेशानंद भारती, बाबा हठयोगी, महामंडलेश्वर संतोषी मां, हरिहरानन्द महाराज आदि प्रमुख है।

## नलकूप की मोटर की तार जलने से जलापूर्ति ठप

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नं. 29 घमंडपुर निवासियों को पेयजल आपूर्ति करने वाले 14 नंबर नलकूप की मोटर की तार जलने से वार्डवासियों के समक्ष पेयजल सकट गहरा गया है, हालांकि दूसरे नलकूप से कनेक्ट कर थोड़ी देर के लिए पेयजल आपूर्ति की जा रही है, लेकिन वह नाकाफी साबित हो रही है। इस संबंध में स्थानीय निवासियों सचिन कुमार, संजय सिंह, मनोज कुमार, बलदेव सिंह व अनिल कुमार ने बताया कि लगभग दस हजार की आबादी वाले घमंडपुर वार्ड को पेयजल आपूर्ति के लिए पंचायत भवन के निकट नलकूप स्थापित किया गया है। लगभग तीन चार दिन पहले नलकूप की मोटर की तारें जल गई, जिस कारण पेयजल आपूर्ति में बाधा आ रही है, हालांकि दूसरे ट्यूबवैल से कनेक्ट कर कुछ देर के लिए पानी दिया जा रहा है, लेकिन वह नाकाफी साबित हो रहा है। कहा कि समस्या के संबंध में पार्षद व संबंधित अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार इसमें पांच से छह दिन का समय लग सकता है। तब तक दूसरे नलकूप से ही पेयजल दिया जायेगा। वहीं पार्षद अमित नेगी का भी कहना है कि उन्होंने समस्या से संबंधित अधिकारियों को अवगत करा दिया है और नलकूप की मोटर को ठीक किया जा रहा है। मोटर ठीक होते ही पेयजल आपूर्ति सामान्य हो जायेगी।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# भाकियू के धरनास्थल पर दौड़ा करंट, आठ किसान चपेट में आने से बचे

## बारिश का पानी गेस्ट हाउस में बिजली के बोर्ड तक पहुंचा

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) का नजीबाबाद स्थित लोक निर्माण विभाग कार्यालय पर चल रहा धरना मंगलवार को दसवें दिन भी जारी रहा। धरने के दौरान संगठन ने



पीडब्ल्यूडी अधिकारियों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। भाकियू नेताओं का कहना है कि तेज बारिश व आंधी के कारण रात में धरना स्थल स्थित पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पानी भर गया। पानी का स्तर बढ़ने से एक बिजली के बोर्ड तक पानी पहुंच गया जिससे उसमें करंट फैल गया। भाकियू के अनुसार, उस समय धरना स्थल पर संगठन के आठ कार्यकर्ता मौजूद थे। समय रहते बिजली के बोर्ड पर नजर पड़ने से सभी ने सतर्कता बरती जिससे बड़ा हादसा होने से बच गया। प्रदेश सचिव दिनेश कुमार ने आरोप लगाया कि पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को धरनारत किसानों की सुरक्षा की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों की हठधर्मिता को देखते हुए किसानों ने पीडब्ल्यूडी परिसर में अस्थायी पक्का आवास बना लिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पीडब्ल्यूडी अधिकारियों का रवैया नहीं बदला तो भारतीय किसान यूनियन आंदोलन तेज करेगी तथा किसी भी पीडब्ल्यूडी अधिकारी को कार्यालय में बैठने नहीं दिया जाएगा। धरने पर प्रदेश सचिव दिनेश कुमार, नरदेव, जयप्रकाश राजपूत, अमित मान, सत्यम तोमर, सुमित, देवदत्त शर्मा, अमरीश, दीपू, मोहित, बलजीत, राहुल, सोनू, गिरीराज, अमित सहित अन्य किसान मौजूद रहे।





आवश्यकता है

R.P.S. INTERNATIONAL SCHOOL
(C.B.S.E. Patteran An English Medium)

ग्राम फतेहपुर कलां, बिजनौर को कक्षा एक से कक्षा 8 तक सभी विषयों हेतु अध्यापक/अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करें। वेतन योग्यतानुसार। स्टाफ के लिये आने व जाने की सुविधा।
मो. 8394838034, 8954568123, 9359888044

